मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष द्वितिया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 33 – 26 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदय: 5:16 | सूर्यास्त: 17:56 |



भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार –पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

सुविचार : जिसने खर्च कमकरने की बात सोची समझ लो उसने कमाने की अकल खो दी।



## हेडली को लाने की भी हो कोशिश

लगभग डेढ़ दशक के प्रयासों के बाद, देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26/11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई। वे सारे कानूनी उपाय अपनाए गए जो राणा का प्रत्यर्पण रोक सकते थे। बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। साथ ही राणा की पूछताछ से होने वाले खुलासों से आतंकवाद की पाठशाला बने पाकिस्तान को अलग-थलग करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के खिलाफ भारतीय कानून व न्याय व्यवस्था के मानकों के अनुरूप ही कार्रवाई होगी। साथ ही अजमल कसाब की तरह उसकी अपनी बात कहने को कानूनी मदद भी दी जाएगी।

हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफ इशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफ मुबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। बहरहाल, तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण पाकिस्तान तथा दूसरे देशों में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे लोगों व संगठनों के लिये साफ संदेश गया है कि इंसानियत के दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में कानून की ओट में बच नहीं सकते। साथ ही पाकिस्तान को आईना दिखा दिया गया है जो तहव्वुर राणा को कनाडा का नागरिक बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की। हालांकि, अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि अमेरिका ने क्यों अपने नागरिक डेविड कोलमैन हेडली को भारत को सौंपने से परहेज किया। जबकि उसने इस बड़े अपराध में बड़ी भूमिका निभाई थी। हेडली व राणा आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकी संगठनों व पाक खुफिया एजेंसियों के संपर्क में लगातार बने रहे थे। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए की तहव्वुर राणा से कड़ी पूछताछ के बाद भारतीय एजेंसियां मुंबई हमले में इस्लामाबाद की भूमिका, पाक सत्ता प्रतिष्ठानों की करतूतों,आईएसआई के नेटवर्क व आतंकी संगठनों को दी जाने वाली आर्थिक मदद की हकीकत देश-दुनिया के सामने ला सकेंगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 अप्रैल, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष द्वितिया, 10:55 तक , नक्षत्र : विशाखा, 27:04 तक , योग : सिद्धि, 23:26 तक, सूर्योदय: 5:16, सूर्यास्त: 17:56, चन्द्रोदय : 17:53, चन्द्रास्त: 08:03, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, अमान्ता महीना, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 14:44 से 16:19

## राशिफल

**मेष** : आज शारीरिक का अनुभव कर सकते हैं। प्रतिस्पर्धा में विजय प्राप्त हो सकती है। ललित कला को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण भाव में वृद्धि होगी।

**वृष** : आज आर्थिक दृष्टि से दिन उत्तम रहने वाला है। व्यापारी वर्ग को कारोबार के नये अनुबन्ध करने पड़ सकते हैं। ऋण से मुक्ति मिलने की प्रबल सम्भावना है। आज तनावमुक्त महसूस करेंगे।

**मिथुन** : आज आपकी आय में वृद्धि की प्रबल सम्भावना बन रही है। परिवार में बेहतरीन तालेमल रहने वाला है। दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर कठिन कार्य भी सरलता से पूर्ण कर लेंगे।

**कर्क** : आज शुभ रहने वाला है। मौसम में आ रहे परिवर्तन को लेकर सावधान रहें। धन खर्च करते समय कन्जूसी न करें। परिवारजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**सिंह** : आज जल्दबाजी में कार्य निपटाने का प्रयास कर सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक रहेंगे। साझेदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा। आपकी कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है।

**कन्या** : आज धन खर्च होगा। नयी नौकरी की शुरुआत कर सकते हैं। मन में दान-पुण्य की भावना जागृत होगी। अपने जीवनस्तर को सुधारने का प्रयास करेंगे।

**तुला** : आज दफ्तर में सक्रिय रहने वाले हैं। दोपहर के बाद परिस्थितियाँ धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी। पूर्व में लिये गये निर्णय आपके लिये लाभकारी सिद्ध होंगे।

**वृश्चिक** : आज कुछ समस्या हो सकती है। सेहत का पर्याप्त साथ नहीं मिलेगा। उच्च अधिकारियों से तनाव हो सकता है। अपनी रूचि के कार्यों को समय अवश्य दें।

**धनु** : आज धर्म-कर्म के प्रति आप अत्यधिक रुचि लेंगे। मित्रों के साथ आप किसी महत्त्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में लोग आपके प्रति आकर्षित रहेंगे।

**मकर** : आज अपने कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। शेयर बाजार से आपकोअच्छा धन लाभ मिल सकता है। अनुभवी लोगों से सहायता अवश्य लें। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कुम्भ** : आज धन लाभ के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। किसी भी काम को अनमने ढंग से न करें। बौद्धिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। अपनी बातों और विचारों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहें।

**मीन** : आज आपके अड़ियन स्वभाव को लेकर कुछ लोग नाराज हो सकते हैं। पुराने लोन को लेकर समस्या हो सकती है। अपनी बातों को लेकर अड़ियल न बनें।

# बेरोजगार शिक्षकों का एक वर्ग अपना मुद्दा उठाने के लिए दिल्ली रवाना

### ❑ कल जंतर-मंतर पर उठाएंगे अपनी आवाज
### ❑ कोलकाता में शिक्षकों का धरना प्रदर्शन जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेरोजगार हुए शिक्षक अब राज्य से बाहर भी अपनी आवाज उठाएंगे। 70 बेरोजगार शिक्षकों के एक दल ने सोमवार को कोलकाता से दिल्ली कूच किया। वह कल जंतर-मंतर पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस दिन, योग्य शिक्षक अधिकार मंच के प्रवक्ताओं में से एक महबूब मंडल ने बताया कि करीब 70 प्रभावित शिक्षक दो बसों में कोलकाता के एस्प्लेनेड इलाके से दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। मंडल ने आगे कहा कि हम उन योग्य शिक्षकों को बर्खास्त करने का विरोध कर रहे हैं, जिन्होंने 2016 की एसएससी भर्ती परीक्षा पूरी तरह से योग्यता के आधार पर पास की थी। इसके बावजूद, हमें गलत तरीके से भ्रष्टाचारियों में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पूरी प्रक्रिया को गलत बताया है। इसमें हमारी कोई गलती नहीं है। अब हम क्या करें? हमारे पास अपना पक्ष रखने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। महबूब मंडल ने कहा कि राज्य सरकार ने बर्खास्त कर्मचारियों को स्वेच्छा से काम करने की अनुमति दी है, लेकिन राज्य सरकार के प्रस्ताव को बहुत कम लोगों ने स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोगों के सामने अपना पक्ष रखना चाहते हैं। कई प्रमुख व्यक्तियों ने हमें समर्थन दिया है। वह धरने के दौरान हमसे मिलने भी आएंगे। मंडल ने बताया कि दिल्ली में जंतर-मंतर पर तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली के अधिकारियों से आवश्यक अनुमति मिल गई है। इस बीच, कोलकाता में एस्प्लेनेड के पास वाई-चैनल पर 'पात्र' शिक्षकों का चल रहा सोमवार को भी जारी रहा।




# मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

### एसआईटी गठित कर जांच एवं सरकार से स्पष्टीकरण तलब की मांग

**नई दिल्ली/कोलकाता :** वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद जिले में जमकर हिंसा हुई, हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस बीच, हिंसा के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है, जिसमें सांप्रदायिक हिंसा की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही कानून व्यवस्था बिगड़ने के मसले पर बंगाल सरकार से स्पष्टीकरण तलब किए जाने की मांग की है। इस याचिका को वकील शशांक शेखर झा ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया है। याचिका में मांग की गई है कि राज्य में चल रही सांप्रदायिक और राजनीतिक हिंसा



की घटनाओं की जांच के लिए कोर्ट की निगरानी में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाए। प्रतिवादियों से कानून-व्यवस्था की विफलता के बारे में स्पष्टीकरण मांगा जाए और साथ ही पीड़ितों को मुआवजा और पुनर्वास का निर्देश दिया जाए। प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना करने के साथ ही ऐसे अन्य आदेश पारित करने की मांग की गई है जिसे कोर्ट न्याय और समानता के हित में उचित समझे। उल्लेखनीय है कि संशोधित वक्फ अधिनियम के खिलाफ मुर्शिदाबाद जिले में विरोध प्रदर्शन किया गया जो देखते ही देखते हिंसा में तब्दील हो गया। इस दौरान, उपद्रवियों ने पुलिस वैन समेत कई वाहनों में आग लगा दी और सुरक्षा बलों-दुकानों पर जमकर पथराव किया गया। यहां तक की पुलिस बूथ भी जला दिए। आलम ये है कि मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में हिंदू परिवार खौफजदा है और पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। इन लोगों ने पड़ोसी जिलों में शरण ली हुई है।

# मुख्यमंत्री ने कालीघाट स्काईवाक का किया उद्घाटन, मंदिर में की पूजा अर्चना



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाली नववर्ष की पूर्व संध्या दक्षिण कोलकाता के कालीघाट में काली मंदिर के पास एक 'स्काईवॉक' का उद्घाटन किया। इस दौरान, ममता ने बताया कि मंदिर के ऊपर का कुछ हिस्सा सोने का है। रिलायंस कंपनी ने इसे बनाने की इच्छा जताई थी। लेकिन मैंने उन्हें मना नहीं किया। बाकी सारा काम हमने ही किया है। कुछ लोगों को लगता है कि सारा काम उन्होंने किया है, लेकिन यह सच नहीं है। धर्म किसी एक का नहीं, सबका होता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्काईवॉक बनने से हॉकरों का काम नहीं जाना चाहिए। इसलिए उनके लिए हजरा पार्क में एक साल के लिए हॉकर कॉर्नर बनाया गया है। यह सब मुख्यमंत्री के कहने पर ही किया गया है।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भीम राव आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल बोस कहा कि समावेशी समाज के लिए आंबेडकर का दृष्टिकोण हमें प्रेरित करता है और आगे के मार्ग पर हमारा मार्गदर्शन करता है। राजभवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि महामहिम भारत के महानतम सपूतों में से एक डॉ. बी.आर. आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनकी विरासत का सम्मान करते हैं। यह दिन समानता, न्याय और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का उपयुक्त अवसर है। बयान में कहा गया है कि हमारे संविधान के निर्माता डॉ. आंबेडकर एक प्रतिभाशाली और बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे, जो एक राजनेता, प्रख्यात विधिवेत्ता, दार्शनिक, वक्ता, लेखक, विद्वान के अलावा एक समाज सुधारक भी थे। दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि भारत के संविधान के निर्माता डॉ. बी.आर. आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।

## विवाहेत्तर संबंध के संदेह में पत्नी की हत्या कर पति ने लगा ली फांसी

**हुगली, समाज्ञा :** पारिवारिक अशांति के कारण एक पति ने सोमवार की अपनी पत्नी पर हथौड़े से बार करने के बाद खुद भी रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से हुगली के तारकेश्वर के तालपुर पश्चिमपाड़ा इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक पति का नाम अधीर मंडल (48) है। वह पेशे से सब्जी विक्रेता है। उनकी पत्नी नयनतारा मंडल (38) पेशे से कपड़ा विक्रेता है। पारिवारिक सूत्रों का कहना है कि उनकी दो बेटियां हैं। एक विवाहित है, दूसरी 10 वर्ष की है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच काफी समय से घरेलू कलह चल रही थी। पड़ोसियों का कहना है कि अधीर को शक था कि उसकी पत्नी नयनतारा का किसी अन्य व्यक्ति के साथ विवाहेतर संबंध है। इससे कभी-कभी अशांति पैदा हो जाती थी। अशांति अपने चरम पर पहुंच गई। इस दिन, सुबह करीब 7 बजे दम्पति की बेटी ट्यूशन पढ़ने के लिए बाहर गई थी। आरोप है कि इसके बाद उसने घर में रखे सब्जी काटने वाले चाकू से अपनी पत्नी की गर्दन पर बार कर दिया। अधीर मंडल अपनी पत्नी की मौत की पुष्टि करने के बाद सीधे अपने घर चला गया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# बेरोजगार शिक्षकों के नवान्न अभियान में शामिल होंगे तिलोत्तमा के माता-पिता, कहा... 'हम उनके साथ खड़े है'



**कोलकाता, समाज्ञा :** इस बार तिलोत्तमा के माता-पिता बेरोजगार योग्य शिक्षकों के पक्ष में खड़े हैं। बेरोजगार शिक्षकों ने 21 अप्रैल को नवान्न अभियान का आह्वान किया है। तिलोत्तमा के माता-पिता ने कहा कि वे जुलूस में शामिल होंगे। वंचित नौकरी चाहने वालों, कर्मचारियों और बेरोजगारों के एकता मंच के तीन प्रतिनिधि सोमवार को पानीहाटी में तिलोत्तमा के घर आए। वह तिलोत्तमा के माता-पिता से मिले। उन्होंने कहा कि उन्होंने 21 अप्रैल को नवान्न अभियान का आह्वान किया है। उन्होंने तिलोत्तमा के माता-पिता से अभियान में उनका समर्थन करने का अनुरोध किया। तिलोत्तमा के माता-पिता से मिलने के बाद, वंचित नौकरी चाहने वालों, कर्मचारियों और बेरोजगारों के प्रतिनिधियों ओइक्यामांचा ने कहा कि हमने 21 अप्रैल को नवाज अभियान का आह्वान किया है। हम तिलोत्तमा के माता-पिता को उस अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित करने आए थे। भ्रष्टाचार के कारण बंगाल में योग्यता की हत्या की जा रही है। तिलोत्तमा ही नहीं, बल्कि बंगाल के हर कोने में योग्यता की हत्या की जा रही है। राज्य सरकार के भ्रष्टाचार के कारण सभी को सड़क पर बैठना पड़ा है। हम तिलोत्तमा के माता-पिता से सभी को एक साथ लड़ने की अपील करने आए हैं। उन्होंने कहा है कि वे हमारे जुलूस में शामिल होंगे। इस बारे में तिलोतमा के पिता ने कहा कि मैं पहले दिन से ही कह रहा हूं कि उनके साथ जो अन्याय हुआ है, उसे न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। ये न्याय की मांग के लिए 21 अप्रैल को नवान्न अभियान शुरू कर रहे हैं। हम उस जुलूस में शामिल होंगे। हम न्याय की मांग करने वाले किसी भी आंदोलन में शामिल होंगे। मैं सभी अच्छे इरादों बाले लोगों से इस जुलूस में शामिल होने का आग्रह करता हूं।

# रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक भव्यता और उत्साह के साथ मनाया गया 'पोइला बैशाख'

**कोलकाता, समाज्ञा :** रूबी पार्क पब्लिक स्कूल में बंगाली नववर्ष पोइला बैशाख का उत्सव अत्यंत भव्यता, आत्मीयता और सांस्कृतिक गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण पारंपरिक बंगाली संस्कृति की रंगीन छटा से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसमी महापात्र की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। छात्रों ने पारंपरिक बंगाली परिधान पहनकर सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया और काव्यपाठ, संगीतमय प्रस्तुतियां तथा आकर्षक नृत्य के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रत्येक प्रस्तुति बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति को दर्शाती रही। शुभो नव-ोवर्षो की गूंज विद्यालय परिसर में



आशा, समरसता और नए संकल्पों का संदेश लेकर गूंजी।

इस अवसर ने न केवल छात्रों को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने का अवसर प्रदान किया, बल्कि विभिन्न भारतीय संस्कृतियों को समझने और सम्मान देने का माध्यम भी बना। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिसने समारोह को गरिमामयी पूर्णता प्रदान की। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मौसमी महापात्र ने अपना वक्तव्य रखते हुए कहा, पोइला बैशाख केवल एक नए वर्ष की शुरुआत ही नहीं बल्कि हमारी पहचान, एकता और नई आशा का उत्सव है। आइए, हम नये संकल्पों के साथ अपनी संस्कृति की सुंदरता और एकजुटता की शक्ति को अपनाते हुए भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

# हुगली जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

**हुगली :** हुगली जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत परियोजना अधिकारी सह जिला कल्याण अधिकारी तपस विश्वास (डब्लू.बी.सी.एस.-कार्यकारी), स्मिता सान्याल शुक्ला (डब्लू.बी.सी.एस.-कार्यकारी) एवं एस.डी.ओ., सदर अनुमंडल द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रणव कुमार मंडल (डब्लू.बी.सी.एस.



कार्यकारी) ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई और राज्य सरकार का संदेश पढ़कर सुनाया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी जयंती को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाना समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में हुगली चुंचुड़ा नगरपालिका के चेयरमैन अमित रे ने छात्रों को बाबा साहेब के विचारों और उनके जीवन के उद्देश्यों से अवगत कराया। परियोजना अधिकारी सह जिला कल्याण अधिकारी तपस विश्वास ने बंडेल महात्मा गांधी हिंदी विद्यालय के जय हिंद वाहिनी के कैडेटों द्वारा डॉ. अंबेडकर पर आधारित प्रस्तुत ज्ञान और उत्साह की सराहना करते हुए उनके आदर्शों के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह ने डॉ. अंबेडकर के जीवन दर्शन और उनके द्वारा स्थापित मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया और सभी को सामाजिक समरसता की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## वर्ग पहेली नं. 3063

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 7 | | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ |
| 10 | ■ | 11 | | ■ | 12 | | | ■ | 13 |
| 14 | 15 | | | ■ | | ■ | 16 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 17 | | | | ■ | ■ |
| 18 | | 19 | | | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | | ■ | 22 | | 23 | ■ | | ■ |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) समझौता, 4) हौसला; सांत्वना, 6) न्यायालय में अर्ज़ीनामा; *पैटीशन,* 7) ठीकठाक; सकुशल, 9) फबना, 11) विवाहकांक्षी; दूल्हा, 12) पत्थर की कुँड़ी, 14) लेटना; फैलना, 16) एक जंगली पशु, 17) वास्तव में, 18) एक जगप्रसिद्ध स्मारक, 20) फ़र्ज़ी, 22) तर्कसंगत, 24) एक लंबोतरा कंद, 25) एक पंजाबी नदी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अविवाहित स्त्रियों के नाम के पहले लगनेवाला आदरसूचक और शिष्टतापूर्ण संबोधन, 2) प्रहारक, 3) जीवन, 4) बांग्लादेश की राजधानी, 5) भिड़ाना, 8) लुब्ध होना, 9) शिव, 10) ज़मीन पर रेंगनेवाला एक जीव, 12) छिलन; ख़राश, 13) ज़ंजीर, 15) कमल, 17) ज़नाना ढीला पाजामा, 18) आज्ञापालन, 19) ख़र्चीला, 21) स्वीकार, 23) केवल.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | ट | प | टा | ■ | आ | रं | भ | ■ | ज |
| ■ | ■ | ह | ल | च | ल | ■ | ग | दी | ला |
| मि | सा | ल | ■ | ल | य | ■ | द | ■ | व |
| ती | र | ■ | आ | ना | ■ | अ | ड़ | च | न |
| ■ | स | मा | ज | ■ | को | ड़ा | ■ | म | ■ |
| वि | ■ | स | मा | चा | र | ■ | अ | चा | हा |
| नि | ष्य | ■ | इ | ■ | स | ह | ना | ■ | था |
| म | ■ | बे | श | क | ■ | ल | ड़ी | ■ | पा |
| य | म | ल | ■ | ल | क़ | वा | ■ | क | ई |

**Mob. No. 08329510310**

## सुडोकू-पहेली-3023

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | | | | 3 | | |
| | | | 1 | 8 | | | | 4 |
| | | | | | | | | |
| 1 | | | 5 | | | | 8 | |
| | 3 | | | 6 | 7 | | | |
| | | | | | | | | |
| 5 | | | | | 2 | 7 | | |
| 8 | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3022 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 8 |

मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 33 – 26 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदय: 5:16 | सूर्यास्त: 17:56 |

www.samagya.in

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष द्वितिया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

सुविचार : जिसने खर्च कमकरने की बात सोची समझ लो उसने कमाने की अकल खो दी।



भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार –पृष्ठ 7




# मुर्शिदाबाद के बाद अब भांगड़ में वक्फ कानून के खिलाफ भड़की हिंसा

## आईएसएफ कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प | पुलिस ने किया लाठीचार्ज | कई घायल

■ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के सामने वाहनों में लगाई आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के विरोध के नाम पर हिंसा थम नहीं रही है। मुर्शिदाबाद के बाद अब दक्षिण 24 परगना के भांगड़ में सोमवार को हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की मौजूदगी में जमकर बवाल किया, जिसमें कोलकाता पुलिस की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया और कई बाइकों में आग लगा दी गई। हिंसक घटनाओं के चलते बासंती हाईवे पर



भारी जाम की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, इस दिन, भांगड़, मिनाखां और संदेशखाली से इंडियन सेक्यूलर फ्रंट (आईएसएफ) के कार्यकर्ता वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ कोलकाता के रामलीला मैदान में प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान, बासंती हाईवे पर बैरामपुर के पास पुलिस ने उनकी गाड़ी रोक दी। इससे आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर जाम लगा दिया और पुलिस से भिड़ गए। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूत्रों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की करीब पांच बाइकों को आग के हवाले कर दिया और कोलकाता पुलिस की एक गाड़ी पर पथराव कर उसके शीशे तोड़ दिए। पुलिस की एक वैन को भी क्षतिग्रस्त कर सड़क पर पलट दिया। हिंसा की शुरुआत सुबह भोजेरहाट इलाके में हुई, जहां तीन रास्तों के मोड़ पर पुलिस ने गार्डरेल लगाकर रास्ता बंद कर दिया था। वहां भी इंडियन सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस से धक्का-मुक्की हुई। उन्होंने गार्डरेल तोड़ने की कोशिश की और फिर सड़क पर बैठकर रास्ता जाम कर दिया। इस प्रदर्शन के कारण बासंती हाईवे पर यातायात बाधित हो गया, जिससे कोलकाता और दक्षिण 24 परगना के बीच संपर्क प्रभावित हुआ। पुलिस ने माइकिंग कर प्रदर्शनकारियों से रास्ता खाली करने की अपील की, लेकिन तनाव कम होने के बजाय और बढ़ता गया। प्रशासन की ओर से हालात को काबू में करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन सोमवार की हिंसा ने यह संकेत दिया कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ जनाक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## तटरक्षक बल, गुजरात एटीएस ने 1,800 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया

**अहमदाबाद :** गुजरात के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) और भारतीय तटरक्षक बल ने अरब सागर से 1,800 करोड़ रुपये मूल्य का 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया जिसे तस्करों ने भागने से पहले समुद्र में फेंक दिया था। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तटरक्षक बल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि जब्त की गई प्रतिबंधित सामग्री के 'मेथमफेटामाइन' होने का संदेह है और इसे आगे की जांच के लिए एटीएस को सौंप दिया गया है। एटीएस और तटरक्षक बल ने 12 तथा 13 अप्रैल की रात गुजरात अरब सागर अपतटीय क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास संयुक्त अभियान को अंजाम दिया।

## कांग्रेस को अगर हमदर्दी है तो मुस्लिम को अध्यक्ष बनाए, 50 प्रतिशत टिकट समुदाय को दे: मोदी

**हिसार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि यदि कांग्रेस को वास्तव में मुसलमानों से हमदर्दी है तो उसे किसी मुसलमान को अपना अध्यक्ष बनाना चाहिए और चुनाव में समुदाय के लोगों को 50 प्रतिशत टिकट देने चाहिए। उन्होंने कहा, लेकिन वे (कांग्रेस) ऐसा नहीं करेंगे। वे कांग्रेस से कुछ नहीं देंगे, बल्कि नागरिकों के अधिकार छीन लेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का कभी भी मुसलमानों सहित किसी का भला करने का कोई इरादा नहीं रहा। उन्होंने कहा, यही कांग्रेस की असली सच्चाई है।

# लोगों को प्रदर्शन करने का अधिकार, लेकिन कानून हाथ में लेने का नहीं : ममता

■ राज्य भर में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा पर मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में विभिन्न स्थानों पर वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा पर सोमवार को कहा कि सभी को शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। ममता ने दक्षिण कोलकाता के कालीघाट में काली मंदिर के पास एक 'स्काईवॉक' का उद्घाटन करते हुए लोगों से धर्म के नाम पर गैर-धार्मिक गतिविधियों में शामिल न होने का भी आग्रह किया। इस दिन, ममता ने कहा कि हर किसी को अनुमति के साथ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का लोकतांत्रिक अधिकार है। मैं लोगों से अनुरोध करूंगी कि वे कानून को अपने हाथ में न लें। उन्होंने लोगों से किसी के भी उकसावे में न आने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। धर्म का मतलब है भक्ति, स्नेह,



**कालीघाट स्काईवॉक के उद्घाटन कार्यकर्म में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मुख्य सचिव डॉ. मनोज पंत,राज्य के मंत्री मेयर फिरहाद हकीम, खेल मंत्री अरूप बिस्वास, विधायक देवाशीष कुमार, विधायक मदन मित्रा, सांसद माला राय, उद्योगपति हर्षवर्धन नेवटिया, संजय बुधिया एवं अन्य।**

मानवता, शांति, सौहार्द, संस्कृति, सद्भाव और एकता है। इंसानों से प्यार करना किसी भी धर्म की सर्वोच्च अभिव्यक्तियों में से एक है। हम अकेले पैदा होते हैं और अकेले मरते हैं, तो लड़ाई क्यों? दंगे, युद्ध या अशांति क्यों? याद रखें, अगर हम लोगों से प्यार करते हैं तो हम सब कुछ जीत सकते हैं। लेकिन अगर हम खुद को अलग-थलग कर लेंगे, तो हम किसी को भी नहीं जीत पाएंगे। अगर किसी पर हमला होता है, चाहे वह उपेक्षित हो, उत्पीड़ित हो, वंचित हो, हाशिए पर हो या किसी भी धर्म से हो - हम सभी के साथ खड़े हैं। ममता ने दंगाइयों को चेतावनी देते हुए कहा कि मैं आप सभी से कहूंगी कि सभी को शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन करने का अधिकार है, लेकिन कृपया, चाहे आप कोई भी हों, कानून को अपने हाथ में न लें। कानून की रक्षा के लिए उसके रक्षक हैं, हमें कानून के भक्षक नहीं चाहिए। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि विभिन्न धर्मों के कार्यक्रम में भाग लेने के कारण कुछ लोग न सिर्फ उनकी आलोचना करते हैं, बल्कि उनका उपनाम भी बदल देते हैं। ममता ने 'स्काईवॉक' का उद्घाटन करने के बाद मंदिर तक पहुंचने के लिए इसका उपयोग किया।






# 'मुर्शिदाबाद में हालात सामान्य, 19 विस्थापित परिवार वापस लौटे'

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर बोले राज्य के एडीजी जावेद शमीम, अब तक 210 गिरफ्तारियां



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद में संशोधित वक्फ अधिनियम के खिलाफ शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन हुआ जोकि देखते ही देखते उग्र हो गया। विरोध प्रदर्शन के बाद हिंसा भड़क उठी। इसी के बाद अब हालातों को काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को कहा कि हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं, दुकानें फिर से खुल रही हैं और विस्थापित परिवार वापस लौटने लगे हैं। इस दिन, अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) जावेद शमीम ने एक बार फिर सामान्य हो रहे हालातों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बहाल करने की कोशिश की जा रही है। दुकानें खुलनी शुरू हो गई हैं और लोग अपने घरों की तरफ वापस लौट रहे हैं। एडीजी ने कहा कि अब तक 19 परिवार अपने घरों की ओर वापस लौट चुके हैं। मालदह और मुर्शिदाबाद दोनों जिला प्रशासन उन लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। एडीजी ने आगे कहा कि आशांति फैलाने और हिंसा भड़काने के लिए अब तक 210 गिरफ्तारियां की गई हैं। साथ ही, उन्होंने लोगों से अफवाहों पर भरोसा न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से अफवाहों पर विश्वास न करने और जानकारी को वेरिफाई करने का आग्रह करता हूं। अगर हमें शांति बनाए रखनी है तो अफवाह फैलाना बंद करना होगा। एडीजी ने एक पिता और पुत्र की निर्मम हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि एक अलग मामला दर्ज किया जाएगा और इस हत्या में शामिल सभी व्यक्तियों, अपराधियों और दर्शकों दोनों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। साथ ही, अपराधियों को सख्त सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपियों की सटीक पहचान करने में समय लगेगा, लेकिन किसी को बख्शा नहीं जाएगा। एडीजी शमीम ने कहा कि पुलिस की पहली प्राथमिकता मुर्शिदाबाद में पूरी तरह से सामान्य स्थिति बहाल करना है और हमें विश्वास है कि इसे जल्द ही हासिल कर लिया जाएगा।

# बीएसएफ अधिकारियों ने मुर्शिदाबाद के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया, लोगों को सुरक्षा का आश्वासन

**❑ बीएसएफ के अतिरिक्त महानिदेशक (पूर्व) ने पुलिस महानिदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की बैठक**



**मुर्शिदाबाद/मालदह/कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने सोमवार को मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और लोगों को शांति बहाल करने तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया। इस दिन, अतिरिक्त महानिदेशक (पूर्व) रवि गांधी के नेतृत्व में बीएसएफ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सुती और समशेरगंज पुलिस थाना क्षेत्रों के साथ-साथ धुलियान के कई अशांत इलाकों का दौरा किया, जहां सप्ताहांत में व्यापक अशांति देखी गई। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के एक बयान के अनुसार, गांधी दिन में पहले मालदह पहुंचे और हिंसा प्रभावित इलाकों का गहन दौरा किया, उनके साथ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के महानिरीक्षक करणी सिंह शेखावत और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। टीम ने पीड़ितों और स्थानीय निवासियों से बातचीत की और उन्हें बल के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। गांधी ने दौरे के बाद बताया कि हमने लोगों से बात की और उन्हें उनकी सुरक्षा का आश्वासन दिया। हमने स्थानीय लोगों और वहां तैनात हमारे जवानों से बातचीत की। स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने सूर्यास्त के बाद अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। अधिकारी ने कहा कि कुछ स्थानीय लोगों ने रात में गड़बड़ी की शिकायत की। हमने उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है और सुरक्षा में किसी भी तरह की कमी को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं। गांधी ने राज्य के पुलिस महानिदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक की, जहां उन्होंने हिंसा पर अंकुश लगाने और राज्य पुलिस के साथ घनिष्ठ समन्वय सुनिश्चित करने के लिए बीएसएफ की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि इलाके में गश्त बढ़ाने के लिए एक संयुक्त रणनीति तैयार की गई है। हम सामान्य स्थिति की वापसी सुनिश्चित करने के लिए राज्य पुलिस के साथ घनिष्ठ समन्वय में काम कर रहे हैं। बीएसएफ के बयान में कहा गया है कि एडीजी ने पीड़ितों के साथ सहानुभूति व्यक्त की और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा और जरूरतों को हरसंभव तरीके से प्राथमिकता दी जाएगी। गांधी ने प्रभावित क्षेत्रों में तैनात बीएसएफ जवानों के प्रयासों की भी सराहना की और उन्हें 'लोगों के भरोसे पर खरा उतरने' तथा अस्थिर स्थिति को नियंत्रित करने में उनके योगदान के लिए प्रशंसा की। उन्होंने मुर्शिदाबाद और पड़ोसी मालदा जिलों में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और कर्मियों को पूरी सतर्कता एवं चौकसी बनाए रखने के निर्देश दिए। बीएसएफ के बयान में कहा गया है कि मुर्शिदाबाद जिले में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, गांधी अंतरराष्ट्रीय सीमा की कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत गंभीर दिखे और अधिकारियों को किसी भी तरह की ढिलाई के खिलाफ आगाह किया। यात्रा के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए, गांधी ने दोहराया कि बीएसएफ शांति की शीघ्र बहाली के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्रशासन एवं पुलिस को पूरा सहयोग देगी। बयान में कहा गया है कि इस यात्रा के माध्यम से, एडीजी रवि गांधी ने स्पष्ट संदेश दिया कि बीएसएफ जल्द ही शांति बहाल करने के लिए नागरिक प्रशासन और पुलिस को हर संभव मदद प्रदान करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 'फर्जी तस्वीरें शेयर कर दंगे भड़काने की कोशिश', साकेत गोखले ने सुकांत मजूमदार पर लगाए आरोप

**नई दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सुकांत मजूमदार ने देश के अलग-अलग हिस्सों की हिंसा की तस्वीरें शेयर करके उन्हें पश्चिम बंगाल से जुड़ा बताने की कोशिश की, ताकि राज्य में सांप्रदायिक तनाव फैलाया जा सके। इस दिन, गोखले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए दावा किया कि सुकांत मजूमदार ने अन्य राज्यों की हिंसा की पुरानी तस्वीरें साझा कर यह दिखाने की कोशिश की कि ये तस्वीरें बंगाल में हिंदू त्योहारों के दौरान हुई हिंसा की हैं। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार पर आरोप लगाते हुए गोखले ने आगे लिखा कि केंद्र सरकार के एक मंत्री को बंगाल में सांप्रदायिक दंगे भड़काने की कोशिश करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने भाजपा शासित राज्यों से हिंसा की तस्वीरें पोस्ट कीं और कहा कि ये बंगाल की हैं। साथ ही, गोखले ने आरोप लगाया कि जब कई लोगों ने सच्चाई उजागर की, तो मजूमदार ने चुपचाप अपना ट्वीट डिलीट कर दिया। उन्होंने ये भी कहा कि यह सब जानबूझकर एक राजनीतिक साजिश के तहत किया गया ताकि राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती का बहाना बनाया जा सके। गोखले ने आगे सवाल उठाया कि क्या सुकांत बाबू को केंद्रीय मंत्री होने की जिम्मेदारी का कोई एहसास है? आपने जानबूझकर फर्जी तस्वीरें शेयर कीं और दंगे भड़काने की कोशिश की। इसके अलावा, गोखले ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी सवाल पूछा कि क्या वे अपने मंत्री को इस हरकत के लिए फटकार लगाएंगे, या 2026 के बंगाल चुनाव से पहले भाजपा अब ऐसी गंदी चालें चलेगी? राज्यसभा सांसद ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हमसे तथ्यों के आधार पर राजनीतिक लड़ाई लड़ी जाए, लेकिन बंगाल में सांप्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ खतरनाक है, बल्कि लोकतंत्र और शांति के लिए भी नुकसानदायक है।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं करने संबंधी बयान के लिए ममता पर साधा निशाना

**नई दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उस टिप्पणी को 'सही नहीं' बताया, जिसमें कहा गया है कि संशोधित वक्फ कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ममता ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के दौरान भी इसी तरह की टिप्पणी की थी। लेकिन सीएए पश्चिम बंगाल में लागू किया गया। मेघवाल ने यह टिप्पणी बीआर आंबेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए कानून मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की। इस दिन, वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा से जुड़े एक सवाल का जवाब



देते हुए कानून मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान कि पश्चिम बंगाल में कानून लागू नहीं किया जाएगा, 'सही नहीं' था। उन्होंने कहा कि ममता ने सीएए के दौरान भी इसी तरह की टिप्पणी की थी, लेकिन सीएए बंगाल में लागू किया गया। यह संसद द्वारा पारित कानून है जिसे पूरे भारत में लागू किया जाता है। यदि इसके कार्यान्वयन के दौरान कोई कठिनाई होती है, तो नियम बनाते समय सुझाव दिए जा सकते हैं।

# राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं अगले साल विधानसभा चुनाव : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता विपक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने मांग की है कि अगले साल बंगाल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। अधिकारी ने कहा कि मुर्शिदाबाद, सुती, धुलियान, जंगीपुर और शमशेरगंज में जो अशांति है, वह राज्य सरकार की नाकामी है कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर सकी और शांति व्यवस्था कायम नहीं रख सकी। भाजपा नेता ने दावा किया कि जब उन्मादी भीड़ तोड़फोड़ और तबाही कर रही थी तो सत्ताधारी पक्ष मूकदर्शक बना सब देख रहा था। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जब भी हिंदू अल्पसंख्यक हुए हैं तो उन्हें वोट देने से रोका गया है। पुलिस सत्ताधारी



रेड रोड पर स्थित डॉ. अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी व साथ में तापस राय, तमन्घो घोष, भोला प्रसाद सोनकर, प्रमोद सिंह, सुबोध दास और काली खटिक।

पार्टी के कैडर की तरह काम करती है। मुक्त और पारदर्शी चुनाव के लिए अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन के तहत कराए जाने चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 'हालिया हिंसा के पीछे जिहादी तत्व हैं। इन लोगों को खुला घुमने की मंजूरी मिली हुई है। हम उनका सामना करने के लिए तैयार हैं, लेकिन बराबरी का मुकाबला होना चाहिए। चुनाव आयोग को गंभीरत से अगले साल विधानसभा चुनाव राष्ट्रपति शासन में कराने पर विचार करना चाहिए।

--------------------

**पलायन पर मंत्री फिरहाद का अजीबोगरीब दावा, बोले... 'लोग बंगाल से बंगाल में ही जा रहे'**

भाजपा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा कि लोग बंगाल के भीतर ही बस रहे हैं, राज्य से भाग नहीं रहे हैं। प्रशासन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है और पुलिस जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए काम कर रही है।

# भाजपा और टीएमसी दोनों वोट बैंक की राजनीति के लिए धर्म से खेल रहे हैं : विधायक नौशाद सिद्दीकी

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों ही दल वोट बैंक की राजनीति के लिए पश्चिम बंगाल में 'धर्म के साथ खेल रही हैं' और उन्हें आर्थिक विकास की कोई चिंता नहीं है। इस दिन, महानगर के रामलीला मैदान में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सार्वजनिक रूप से अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है, लेकिन वास्तव में, दिखावे के लिए उसने भाजपा के साथ 'मौन समझौता' कर लिया है। उन्होंने कहा कि हम वक्फ (संशोधन)



अधिनियम का पूरी ताकत से विरोध करने की कसम खाते हैं। हम इसे विफल करने के लिए हर कदम उठाएंगे। लेकिन, टीएमसी इस अधिनियम के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयानबाजी तो कर रही है, लेकिन इसका विरोध करने को लेकर गंभीर नहीं है। आईएसएफ के विधायक ने कहा कि ऐसा लगता है कि वे भाजपा के साथ 'बैकडोर सेटिंग' (समझौता) कर रहे हैं। टीएमसी के कुछ शीर्ष नेताओं ने हजारों एकड़ भूसंपदा अर्जित कर ली है। वे मुसलमानों सहित आम लोगों का कल्याण नहीं चाहते हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि टीएमसी ने आरजी कर अस्पताल की महिला चिकित्सक के दुष्कर्म और हत्या की जांच को दबाने की साजिश रची है, जिससे पता चलता है कि उन्हें आम लोगों की कोई चिंता नहीं है। सिद्दीकी ने लोगों से धार्मिक आधार पर उन्हें बांटने की साजिश के प्रति सतर्क रहने का आग्रह करते हुए कहा कि शुभेंदु अधिकारी जैसे भाजपा नेता हिंदुओं से एकजुट रहने को केवल इसलिए कह रहे हैं ताकि सत्ता में आने के लिए हिंदू वोटों का एक हिस्सा हासिल किया जा सके। सिद्दीकी ने दावा किया कि पुलिस कार्रवाई में आईएसएफ के कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं, लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

### राज्यपाल ने रेड क्रॉस को दंगा प्रभावित इलाकों में राहत पहुंचाने का दिया निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में वक्फ अधिनियम को लेकर भड़की हिंसा के बीच राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने दंगा प्रभावित इलाकों में तुरंत राहत पहुंचाने के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी (आईआरसीएस) को निर्देश दिया है। विशेष रूप से, मुर्शिदाबाद और मालदह जिलों सहित अन्य अशांत क्षेत्रों में यह राहत कार्य संचालित किया जाएगा। राजभवन की ओर से जारी बयान के अनुसार, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एस. के. पटनायक और राजभवन की रैपिड एक्शन सेल के प्रमुख नोडल अधिकारी को इस राहत अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। रविवार की रात राज्यपाल ने एक संदेश में कहा कि राजभवन हालात पर लगातार नजर रखे हुए है और उन्होंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत भी की है। उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए पर्याप्त संख्या में सीएपीएफ तैनात की जा चुकी है और जरूरत पड़ने पर और बल भेजे जाएंगे।

# सुकांत मजूमदार ने मुर्शिदाबाद हिंसा के लिए ममता सरकार को जिम्मेदार ठहराया

**❑ केंद्रीय मंत्री ने राहत शिविर में बेघर लोगों से की मुलाकात, बांधा ढांढ़स**

**मालदह :** केंद्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सोमवार को मालदह के एक स्कूल में स्थापित राहत शिविर का दौरा किया। इस राहत शिविर में मुर्शिदाबाद से कई हिंदू परिवारों ने शरण ली है। सुकांत मजूमदार ने विस्थापित परिवारों से मुलाकात की और बाद में प्रभावित लोगों की सहायता के लिए स्थापित विशेष नियंत्रण कक्ष का दौरा भी किया। कई महिलाएं मजूमदार को अपनी आपबीती बताते हुए कथित तौर पर रो पड़ीं। इस दौरान, मजूमदार ने कहा कि उनके घरों को आग लगा दी गई, संपत्ति नष्ट कर दी गई और उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गईं। एक महिला ने अपने चार दिन के बच्चे



के साथ यहां शरण ली है। मजूमदार ने आरोप लगाया कि 'कट्टरपंथी ताकतों' द्वारा ये हमले विरोध की आड़ में किये गए। इस दिन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि शुरुआत में 200-250 परिवारों ने यहां शरण ली थी। अब पुलिस के दबाव में शिविर बंद करवाकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नाकामी को छुपाने के लिए सिर्फ 70-75 परिवार ही बचे हैं। वे अभी भी डर के साये में जी रहे हैं। उन्होंने राज्य प्रशासन पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस केंद्रीय बलों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने से रोक रही है। मजूमदार ने कहा कि हम प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय बलों को स्वायत्त रूप से कार्य करने की अनुमति देने और उनकी तैनाती बनाए रखने के लिए निर्देश मांगने हेतु अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। मजूमदार ने चेतावनी दी कि मुर्शिदाबाद की स्थिति राज्य के अन्य स्थानों में भी इसी प्रकार की अशांति का पूर्वाभास हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी पहले ही चेतावनी दे चुके हैं। ममता बनर्जी ने बंगाल को दूसरा बांग्लादेश बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी और केंद्रीय गृह मंत्रालय को मौजूदा हालात से अवगत कराएगी।

# ब्रिगेड में वरिष्ठ नेताओं के भाषण से उत्साह नहीं! वक्ता सूची में बदलाव कर मंच पर मीनाक्षी मुखोपाध्याय को उतार रही है सीपीएम

**कोलकाता :** आगामी 20 अप्रैल को होने वाले बामपंथियों के ब्रिगेड महासभा को लेकर वाममोर्चा के अंदर ही रणनीतिक फेरबदल शुरू हो गया है। इस बार सभा का आयोजन सीपीएम की मजदूर, किसान और खेतमजदूर संगठनों द्वारा किया जा रहा है। शुरुआत में बंगाल सीपीएम की ओर से तय किया गया था कि पार्टी की युवा नेत्री और हाल ही में पार्टी की केंद्रीय समिति की सदस्य बनी मीनाक्षी मुखोपाध्याय को इस सभा में वक्ता नहीं बनाया जाएगा। लेकिन अब, ज़मीनी कार्यकर्ताओं की मांग और ब्रिगेड भरने की चिंता को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने मीनाक्षी को भी सभा मंच पर लाने का निर्णय लिया है।

वक्ताओं की जो प्रारंभिक सूची बनी थी, उसमें सीपीएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम के अलावा, अनादी साहू, निरापद सरदार, बन्या टुडू, अमल हालदार और सुखरंजन डे जैसे पार्टी के पुराने नेता शामिल थे। ये सभी नेता पार्टी की किसान, मजदूर और खेतमजदूर संगठनों से जुड़े हैं। लेकिन पार्टी को अंदेशा है कि अब जनसमर्थन खो चुकी सीपीएम के इन पक्केकेश (सफेद बालों वाले) वरिष्ठ नेताओं के भाषण से ब्रिगेड मैदान में भीड़ जुटाना मुश्किल होगा। इसीलिए पार्टी मुख्यालय अलीमुद्दीन स्ट्रीट अब वक्ताओं की सूची में मीनाक्षी मुखोपाध्याय का नाम जोड़ने के लिए बाध्य हो गया है।

ब्रिगेड की इस महासभा का आयोजन अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय खेतमजदूर यूनियन, सीआईटीयू और पश्चिम बंग राज्य बस्ती विकास समिति द्वारा किया जा रहा है। इन संगठनों के नेता-निरापद सरदार, बन्या टुडू, अमल हालदार, अनादी साहू और सुखरंजन डे-इस बार सभा के प्रमुख वक्ता होंगे।

कभी ज़मीन से उठे किसान आंदोलन और श्रमिक संघर्ष की बदौलत ही सीपीएम ने इस राज्य में सत्ता पाई थी। लेकिन पार्टी और उसके नेता अब इन वर्गों से काफी दूर हो चुके हैं। अब वही पुराना जनाधार वापस पाने के लिए पार्टी एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौटना चाहती है। खासतौर पर उन किसानों, मजदूरों और खेतमजदूरों का विश्वास फिर से जीतना चाहती है जिन्होंने पार्टी से मुंह मोड़ लिया है।

मीनाक्षी मुखोपाध्याय जैसे युवा और जुझारू चेहरों को सामने लाकर पार्टी न केवल नए जनाधार को जोड़ना चाहती है, बल्कि पुराने कार्यकर्ताओं में भी उत्साह भरने का प्रयास कर रही है।

# सरकार चाहे तो विधानसभा में वक्फ एक्ट पर चर्चा हो सकती है : बिमान बनर्जी

**❑ स्पीकर ने कहा... 'राज्य सरकार चाहे तो प्रस्ताव पर भी पारित किया जा सकता है'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल सरकार चाहे तो संशोधित वक्फ अधिनियम पर विधानसभा में चर्चा हो सकती है। यहां तक कि कानून के विरोध में प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। यह बात विधानसभा स्पीकर बिमान बनर्जी ने कही। वह सोमवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने विधानसभा पहुंचे थे। वहां, बारुईपुर पश्चिम से तृणमूल विधायक ने वक्फ विधेयक और राज्य भर में चल रहे विरोध, प्रदर्शन और झड़पों पर चिंता



व्यक्त की। एक सवाल के जवाब में, बिमान ने कहा कि अगर कोई प्रस्ताव विधानसभा में आता है तो उस पर विधानसभा में चर्चा हो सकती है। हमने चर्चा की कि हम संविधान दिवस कैसे मनाते हैं। इसलिए अगर सरकार विधानसभा में प्रस्ताव लाना चाहती है तो उस पर चर्चा हो सकती है। बताते चलें कि संसद के दोनों सदनों में वक्फ विधेयक पारित होने के बाद राज्य के मंत्री सिद्दीकुल्लाह चौधरी ने इस मामले में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील करते हुए विधानसभा में वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव लाने की मांग की। भांगड़ के आइएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी ने भी ममता को पत्र लिखकर मांग की है कि वक्फ अधिनियम के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव लाया जाए। हालांकि, इन दोनों मांगों को लेकर संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चटर्जी ने कहा कि इस मामले पर मुख्यमंत्री खुद फैसला लेंगी।

# सड़क हादसे में तीसरी कक्षा के छात्र की मौत से भड़की हिंसा, लॉरी जलाई

### मौंके पर पहुंची पुलिस पर हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती थानांतर्गत इलाके में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में कक्षा तीन के छात्र की मौत हो गई। मृत छात्र का नाम कुंतल मंडल (10) है। जानकारी के अनुसार, बासंती थाना क्षेत्र के झड़खाली अंतर्गत नफरगंज इलाके की है। बताया जा रहा है कि मिट्टी से लदी एक तेज रफ्तार लॉरी ने सड़क पार कर रहे 10 वर्षीय छात्र को कुचल दिया। हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने घातक लोरी को पकड़कर पहले उसमें तोड़फोड़ की और फिर आग के हवाले कर दिया। आक्रोश इतना बढ़ गया कि लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगाया और जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची बासंती थाने की पुलिस ने जब शव को हटाने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और पुलिस पर हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में अवैध माटी व्यापार का लंबे समय से संचालन हो रहा है, जिसकी शिकायतें कई बार पुलिस से की गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन की लापरवाही को हादसे का जिम्मेदार ठहराया और कहा कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की दुर्घटना हुई हो। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# नदिया में खेल के मैदान को लेकर विवाद बना रणक्षेत्र, पुलिस पर हमला

**कोलकाता :** खेल के मैदान पर कब्जा करने को लेकर उपजे विवाद ने नदिया के नवद्वीप के भालुका कनैनगर इलाके को सोमवार को रणक्षेत्र में तब्दील कर दिया। दो गुटों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जो उस दिन हिंसक रूप ले लिया। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो दोनों पक्षों ने आक्रामक रुख अपनाया और आरोप है कि पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी गई।

स्थानीय सूत्रों और पुलिस के मुताबिक, यह मैदान लगभग दो बीघा जमीन में फैला हुआ है, जहां आमतौर पर बच्चे खेलते हैं और स्थानीय लोग विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के लिए मैदान का इस्तेमाल करते हैं। आरोप है कि विष्णुपुर के निवासी रण मित्र, भालुका के गौर घोष और देपाड़ा के निवासी जुब्बार शेख इस मैदान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे।

सोमवार को आरोपियों ने कुछ असामाजिक तत्वों को साथ लेकर मैदान में जबरन घुसने की कोशिश की। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन असामाजिक तत्वों के पास आग्नेयास्त्र भी थे। यह देखकर इलाके में भारी आक्रोश फैल गया और स्थानीय लोग मैदान को बचाने के लिए सड़कों पर उतर आए।

स्थिति तेजी से बिगड़ गई और दोनों पक्षों के बीच टकराव शुरू हो गया। देखते ही देखते पूरा इलाका हिंसा की चपेट में आ गया। भारी मात्रा में पत्थरबाजी शुरू हो गई। घटना की खबर मिलते ही नवद्वीप और कृष्णनगर कोतवाली थाने की पुलिस वहां पहुंची। लेकिन जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची, गुस्सा पुलिस पर फूट पड़ा और पुलिस बल पर भारी पत्थरबाजी की गई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

हालात बेकाबू होते देख पुलिस को कुछ समय के लिए पीछे हटना पड़ा। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) उत्तम घोष के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। फिर पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए लाठीचार्ज किया और भीड़ को तितर-बितर किया।

फिलहाल पूरे मामले की जांच पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है और स्थानीय लोग दहशत में हैं।

# बंगाल में हिन्दू सुरक्षित नहीं हैं : शुभेंदु अधिकारी



**हुगली, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को राज्य में हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई। हुगली जिले के श्रीरामपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 29 में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में शिरकत करते हुए उन्होंने यह बयान दिया।

यह श्रद्धांजलि सभा भाजपा नेता हरिनाथ मिश्रा के स्वर्गीय पिता जोगेंद्र मिश्रा की स्मृति में आयोजित की गई थी। इसी अवसर पर शुभेंदु अधिकारी ने कहा, 'बंगाल में हिन्दू सुरक्षित नहीं हैं। मुर्शिदाबाद और मोथाबाड़ी जैसे इलाकों में हिन्दुओं के घरों पर हमले हो रहे हैं, उन्हें तोड़ा जा रहा है।' उन्होंने चांपदानी का जिक्र करते हुए कहा कि वहां भी इंटरनेट सेवाएं बंद है हिन्दू डरे सहमे हैं। कोई भी बिल पास होता है तो उसको लेकर कानूनी प्रक्रिया से समाधान निकाला जा सकता है। हिंसक घटनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बंगाल की पुलिस व मंत्री चुप्पी साधे हुए हैं। दो हिन्दुओं को तलवार से काट दिया गया। बाकी लोगों को बीएसएफ सुरक्षा प्रदान किये हुए हैं। यहां हिन्दू अल्पसंख्यक है। गाड़ियों में आगजनी की गई। सम्पति लूट ली गई। घरों में आग लगा दी गई तो इस राज्य में हिन्दू सुरक्षित नहीं। हमारे संविधान में सिस्टम है कि यह लोग उच्च न्यायालय जा सकते है। कानून बनने के लिए राष्ट्रपति की अनुमति चाहिए। नेता प्रतिपक्ष को हनुमान जयंती मनाने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। 4 साल में 83 बार हाईकोर्ट जाना पड़ा है। हाईकोर्ट की इजाजत से हनुमान जयंती मनाई गई।

उन्होंने आगे कहा कि इन घटनाओं से हिन्दू समुदाय को आर्थिक और मानसिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। अधिकारी ने आरोप लगाया कि इन क्षेत्रों में बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 163 लागू की गई है और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इन हालातों के कारण हिन्दू परिवार पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।

शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है और कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इस बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## नदी में डूबे दो छात्र, नहीं मिला कोई सुराग



**हुगली :** कोन्नगर के बारह मंदिर घाट पर सोमवार सुबह गंगा में पैर धोने उतरे दो स्कूली छात्र प्रबल जलधारा की चपेट में आकर ओझल हो गया। परिवार के लोगों ने प्रशासन पर निष्क्रियता का आरोप लगाया कहा कि समय पर अगर डिजास्टर टीम पहुंच जाती तो दोनों छात्रों को ढूंढ निकाला जा सकता था। बाद में पालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा पहुंचे उन्होंने हरसंभव प्रयास किया। घटना के बाद मौके पर पहुंची आपदा प्रबंधन टीम ने स्पीड बोट और गोताखोरों की सहायता से तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। डूबे छात्रों की पहचान अमन सिंह और आदर्श सिंह के रूप में हुई है, दोनों की उम्र 15 वर्ष है और वे रिसड़ा के बांगुर पार्क स्थित स्टेपिंग स्टोन स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सोमवार सुबह कुछ स्कूली छात्र कोन्नगर अल्कानी मैदान में खेलने आए थे। खेल के बाद पांचों छात्र पास ही के बारह मंदिर घाट पर स्नान करने गए। स्नान के दौरान अचानक अमन और आदर्श गहरे पानी में चले गए। अन्य तीन छात्र किसी तरह बाहर निकलने में सफल हुए, लेकिन अमन और आदर्श बाहर नहीं आ सके। दोनों छात्र हुगली जिले के रिसड़ा एनएस रोड के निवासी हैं। आज स्कूल में छुट्टी होने के कारण वे खेलने निकले थे। खेल के बाद दोस्तों के साथ स्नान करने चले गए, लेकिन दुर्भाग्यवश दोनों को तैरना नहीं आता था। घटना की जानकारी मिलते ही कोन्नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। खबर लिखे जाने तक दोनों छात्रों का कोई सुराग नहीं मिला।

### अगले 12 महीनों में निफ्टी के 25,521 का स्तर छूने की उम्मीद : पीएल कैपिटल

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल ने अपनी नवीनतम इंडिया स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में कहा है कि अक्टूबर 2024 से वित्त वर्ष 2026और वित्त वर्ष 2027के लिए निफ्टी ईपीएस अनुमानों में 6.2% और 5.6% की कटौती की गई है। वर्तमान टैरिफ वॉर और अस्थिर मैक्रो स्थितियों को देखते हुए वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में ईपीएस अनुमानों में और कटौती की संभावना है। पीएल कैपिटल को उम्मीद है कि निकट अवधि में घरेलू इकोनॉमी पर आधारित शेयरज्यादा बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इसमेंहॉस्पिटल, घरेलू फार्मा, रिटेल, चुनिंदा स्टेपल, बैंक, डिफेंस और पावर शेयर शामिल हैं। पीएल कैपिटल ने निफ्टी को उसके 15 साल के औसत पीई (18.9 गुना) पर 7.5 फीसदीडिस्काउंट देते हुए मार्च 2027 के 1460 ईपीएस पर इसका वैल्युएशन 17.5 गुना किया है, जिसके आधार पर निफ्टी का 12 महीने का लक्ष्य 25,521 (25,689 से संशोधित) हासिल होता है।

## युवक की हत्या के बाद फैला तनाव, जमानत पर था रिहा



**हुगली, समाज्ञा :** हुगली के लोहारपाड़ा इलाके में एक युवक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या से इलाके में तनाव फैल गया है। मृतक की पहचान संजय राजबंशी (27) के रूप में की गई है। आरोप है कि रविवार की देर रात संजय की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सोमवार को संजय का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में एक भिखारी को जलाने के आरोप में संजय जेल में था और रिहाई के बाद अयोध्या में रह रहे थे। हाल ही में, हुगली लौटकर उसने टोटो चलाना शुरू किया था। रात करीब 1 बजे शोर सुनकर परिवार ने उन्हें लहूलुहान पाया और अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल को घेर लिया और जांच शुरू की। बंडेल पुलिस चौकी के प्रभारी तमाल मोहंती, डीसी चंदननगर अलकनंदा भवाल और आईसी रामेश्वर ओझा मौके पर पहुंचे। पुलिस को शक है कि हत्या पुरानी रंजिश का नतीजा हो सकती है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, उस रात इलाके में हनुमान पूजा समारोह चल रहा था, और घटना समारोहस्थल से करीब 100 मीटर दूर हुई। संजय के परिवार ने अपराधी को कड़ी सजा की मांग की है। पुलिस ने इलाके में पुलिस पिकेट स्थापित की है और हत्यारे की तलाश जारी है।

## हाबरा में करोड़ों रुपये की ठगी कर परिवार सहित फरार हुआ कोऑपरेटिव सोसाइटी का मैनेजर!



**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना जिले के हाबरा के अनवरबेड़िया इलाके में एक कोऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा करोड़ों रुपये की ठगी को लेकर जबरदस्त हंगामा खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अनवरबेड़िया सहकारी कृषि विकास समिति के मैनेजर रबिउल हक ने अपनी पत्नी फरिदा बीबी और तीन बेटों के साथ मिलकर इस ठगी को अंजाम दिया और फिर पूरे परिवार सहित फरार हो गया।

बताया जा रहा है कि इस सहकारी समिति में गांव के ही करीब सौ से अधिक लोगों ने बचत खाते और फिक्स्ड डिपॉज़िट में अपने पैसे जमा किए थे। इस जमा राशि की कुल कीमत कई करोड़ रुपये में आंकी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब दो साल पहले रबिउल हक ने संस्था में ताला डाल दिया और परिवार सहित लापता हो गया।

शुरुआत में ग्रामीणों को उम्मीद थी कि शायद वह लौट आएगा, लेकिन जब इतने लंबे समय तक कोई खबर नहीं आई और धीरे-धीरे ठगी का अंदेशा गहराने लगा, तब सोमवार को सभी पीड़ित ग्राहक एकजुट होकर हाबड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

उल्लेखनीय है कि जिले भर की सहकारी समितियों में चुनाव नहीं हुए हैं, जिसके चलते किसी भी समिति में बोर्ड का गठन नहीं हो पाया है। अनवरबेड़िया सहकारी कृषि विकास समिति भी ऐसी ही समितियों में से एक है। पीड़ितों का आरोप है कि समितियों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अभाव का फायदा उठाकर यह धोखाधड़ी की गई है।

इस घटना ने इलाके में प्रशासनिक लापरवाही और सहकारी व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने वित्त वर्ष 2024-25 में 63 यात्रियों की जान बचाकर मिसाल पेश की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 63 यात्रियों को गंभीर परिस्थितियों से सुरक्षित बचाकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। आरपीएफ द्वारा यह कार्य मिशन जीवन रक्षक अभियान के तहत अंजाम दिया गया, जिसमें बल के जवानों ने अदम्य साहस, सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए अनेक यात्रियों की जान बचाई। 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि में जिन यात्रियों को बचाया गया, वे विभिन्न संकटपूर्ण स्थितियों में फंसे हुए थे। इनमें चलती ट्रेनों में चढ़ने या उतरने के दौरान फिसलना, प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच की खाई में गिरना, रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या का प्रयास करना अथवा लापरवाही से पटरियों पर चलने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाने जैसी घटनाएं शामिल थीं। इन घटनाओं ने न केवल आरपीएफ की सेवा भावना और समर्पण को दर्शाया, बल्कि यात्रियों में विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी मजबूत किया है।

## आमता में नया कंक्रीट पुल निर्माण कार्य पूर्ण, ग्रामीणों में खुशी की लहर



**हावड़ा :** आमता के खालना से बाक्सी तक यातायात को सहज बनाने के लिए कंक्रीट का एक नया पुल लगभग पूरी तरह से तैयार हो गया है। 2.5 करोड़ रुपये की लागत से इस पुल का निर्माण किया है 'मैकिन्टोश बर्न' कंपनी ने। इस परियोजना के पूरा होने से इलाके के हजारों लोगों को प्रतिदिन की आव-ाजाही में भारी सुविधा मिलेगी।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जयपुर साबगाछतला से खालना होकर बाक्सी जाने के लिए पहले एक संकरा लकड़ी का पुल था, जो बार-बार टूट जाता था। इससे किसान से लेकर आम लोगों को भारी परेशानी होती थी। आमता के विधायक सुकांत पाल के पहल पर प्रशासन ने इस पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू की। अब लगभग 2.5 करोड़ रुपये की लागत से यह काम लगभग पूरा हो गया है। इस पुल के कारण अब खालना इलाके के लोगों को बाक्सी जाने के लिए 10 किलोमीटर का लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, जिससे समय और पैसों दोनों की बचत होगी।

विधायक सुकांत पाल ने कहा कि इस पुल के निर्माण की योजना तीन-चार साल पहले बनाई गई थी। यह पुल 'मैकिन्टोश बर्न' कंपनी ने बनाया है। पुल की लंबाई 45 मीटर और चौड़ाई 5 मीटर है। यह पुल गाइघाटा खाल के ऊपर तेखाला क्षेत्र में बना है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की प्रेरणा से यह परियोजना साकार हो रही है।

पुल के निर्माण को लेकर इलाके में उत्साह का माहौल है और ग्रामीणों ने सरकार और विधायक को इसके लिए धन्यवाद दिया है।

### हावड़ा मंडल ने पूर्वस्थली एवं पांडुआ स्टेशनों पर चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा रविवार को स्वच्छता और साफ-सफाई को बढ़ावा देने हेतु पूर्वस्थली और पांडुआ रेलवे स्टेशनों तथा उनके आसपास के क्षेत्रों में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय दुकानदारों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों, स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारियों तथा विक्रेताओं को जिम्मेदार कचरा प्रबंधन, स्टेशन परिसर में कूड़ा-कचरा न फेंकने और सार्वजनिक स्थानों पर थूकने की प्रवृत्ति को रोकने के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान अधिकारियों ने यात्रियों को प्लास्टिक कचरे के पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही, यात्रियों को स्टेशन पर उपलब्ध कचरा पात्रों का उपयोग करने की अपील की गई।

## मुख्यमंत्री पर विवादित टिप्पणी करने के आरोप में पूर्व रेलवे कर्मचारी गिरफ्तार



**दुर्गापुर :** वक्फ बिल विरोधी आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विवादित टिप्पणी करने के आरोप में एक पूर्व रेलवे कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। दुर्गापुर पुलिस ने रविवार की रात दुर्गापुर स्टील टाउनशिप निवासी बादल लस्कर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को जब उसे दुर्गापुर महकमा अदालत में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बादल लश्कर नामक शख्स ने फेसबुक पर टिप्पणी की कि अगला, दीदी की कार पर हमला होगा, ज्यादा देर नहीं लगेगी। जैसे ही यह पोस्ट प्रकाश में आई, कड़ी प्रतिक्रिया आई। कई लोगों ने इस टिप्पणी को मुख्यमंत्री के खिलाफ साजिश बताया और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसके बाद, दुर्गापुर महकमा अदालत के वकील सुदीप देबनाथ ने दुर्गापुर थाने में बादल लश्कर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह टिप्पणी राज्य में कानून-व्यवस्था को बाधित कर सकती है तथा मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की भड़काऊ टिप्पणियों से बदमाशों को मुख्यमंत्री पर हमला करने का हौसला मिल सकता है, इसलिए आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मुद्दे को लेकर राजनीति में तीखी प्रतिक्रिया हुई है।

### सुंदरबन के रास्ते अवैध घुसपैठ के आरोप में 12 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में 12 बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शनिवार देर रात उस समय की गई जब पुलिस ने गश्त के दौरान बाघमारा जंगल के पास इन संदिग्ध व्यक्तियों को घूमते हुए देखा। पुलिस को संदेह होने पर उनसे पूछताछ की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के पास कोई वैध भारतीय पहचान पत्र नहीं था। कड़ी पूछताछ के बाद उन्होंने यह स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश के निवासी हैं और सुंदरबन की नदी-खाड़ी और घने जंगलों के रास्ते भारत में घुसे हैं। बताया जा रहा है कि इन 12 लोगों में कई महिलाएं भी शामिल हैं। गौरतलब है कि सुंदरबन क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति अत्यंत जटिल है, और कई इलाकों में सीमा पर कंटीले तारों की व्यवस्था नहीं होने के कारण वहां से अवैध घुसपैठ की संभावना बनी रहती है। इस घटना के सामने आने के बाद कई अहम सवाल उठने लगे हैं-क्या ये लोग किसी साजिश के तहत भारत में दाखिल हुए? या ये पहचान छुपाकर लंबे समय तक भारत में रहने की योजना बना रहे थे? सुंदरबन कोस्टल थाने की पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

## बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



**हावड़ा, समाज्ञा :** अखिल भारतीय अंबेडकर कल्याण संघ, 108 आशु बोस लेन बाइपास की ओर से वॉर्ड 22 एचएमसी क्षेत्र में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दिब्येंदु मुर्खर्जी एमएमआईसी एचएमसी वार्ड 22, इंदेव सिंह यादव, ब्रह्मानंद सिंह कुशवाहा, संस्था के अध्यक्ष डॉ अशवनी राम, सचिव मिथिलेश यादव, कोषाध्यक्ष शंकर दास और अन्य सदस्यगण संजीव सिंह, दुगेश प्रसाद, रंजीत पासवान, राहुल पासवान, राजवीर कुमार, महेश मलिक, अंजन राम, संतोष राम, कन्हैया दास, सूच्चा सिंह, विनोद शर्मा, रघुनंदन प्रसाद, शिबजी यादव, शनि पासवान, दीपू जायसवाल, नंदु जायसवाल, मनोज जायसवाल, मोहन जायसवाल, नवीन सिंह, मुन्ना साव, अतिश प्रसाद, मनीष पासवान, प्रसनजीत अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बालिगंज रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, पूर्व रेलवे की पहल जारी



**कोलकाता :** पूर्व रेलवे द्वारा स्वच्छता और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बालिगंज (बीएलएन) रेलवे स्टेशन पर एक व्यापक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों, विक्रेताओं और अन्य रेलवे उपयोगकर्ताओं को स्टेशन परिसर में स्वच्छ और स्वास्थ्यमय वातावरण बनाए रखने के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना था।

इस अभियान के तहत लोगों को सही तरीके से कचरा निपटान, इधर-उधर कूड़ा फेंकने से बचना और स्टेशन परिसर व रेलवे ट्रैक के आस-पास थूकने पर प्रतिबंध जैसे मुद्दों के बारे में जानकारी दी गई। यात्रियों और विभिन्न हितधारकों को स्वच्छ रेलवे परिसर बनाए रखने में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें इसमें सक्रिय रूप से शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम में पर्यावरण और हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सफाई कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन सभी की संयुक्त भागीदारी और सहयोग से जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जागरूकता के साथ-साथ प्रवर्तन की दिशा में भी कदम उठाए गए। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले 16 व्यक्तियों से कुल 2,500 का जुर्माना वसूला गया। पूर्व रेलवे अपने नेटवर्क में नियमित रूप से इस तरह के अभियान चलाकर स्वच्छता और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गुड फ्राइडे पर ब्लू लाइन में 236 और ग्रीन लाइन-1 में 90 मेट्रो सेवाएं चलेंगी

**कोलकाता :** गुड फ्राइडे के अवसर पर 18 अप्रैल 2025, शुक्रवार को कोलकाता मेट्रो ने अपनी सेवाओं में आंशिक बदलाव की घोषणा की है। ब्लू लाइन पर इस दिन कुल 236 मेट्रो सेवाएं (118 अप और 118 डाउन) चलाई जाएंगी, जबकि सामान्य दिनों में यह संख्या 262 होती है।

हालांकि, पहले और अंतिम मेट्रो सेवाओं के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नोआपाड़ा से कवि सुभाष, कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर, दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष और महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर तक पहली मेट्रो क्रमशः सुबह 6:50 बजे और 6:55 बजे चलेगी। इसी प्रकार, आखिरी मेट्रो कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर के लिए रात 9:30 बजे, दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष के लिए 9:28 बजे और कवि सुभाष से दमदम के लिए रात 9:40 बजे रवाना होगी।

ब्लू लाइन पर रात्रिकालीन विशेष मेट्रो सेवाएं भी इस दिन कवि सुभाष और दमदम स्टेशनों से रात 10:40 बजे पूर्ववत उपलब्ध रहेंगी।

ग्रीन लाइन-1 पर भी इस दिन मेट्रो सेवाएं कम की गई हैं। सुबह 6:55 बजे से रात 9:40 बजे तक कुल 90 सेवाएं (45 अप और 45 डाउन) 20-20 मिनट के अंतराल पर चलेंगी। सीलदह से सॉल्ट लेक सेक्टर त तक पहली मेट्रो सुबह 6:55 बजे चलेगी और सॉल्ट लेक सेक्टर त से सीलदह के लिए पहली मेट्रो सुबह 7:05 बजे रवाना होगी। अंतिम मेट्रो सेवाएं रात 9:35 बजे सीलदह से और रात 9:40 बजे सॉल्ट लेक सेक्टर त से चलेंगी।

इस दिन ग्रीन लाइन-2, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होंगी।

## बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी ने धूमधाम से मनाया अपना 8वां स्वेच्छा रक्तदान महोत्सव



**हावड़ा, समाज्ञा :** बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी ने बीडब्लूएस बैंक्वेट हॉल में लायंस क्लब ऑफ कोलकाता ब्रेबोर्न रोड के सहयोग से अपना 8वां स्वेच्छा रक्तदान महोत्सव धूमधाम से मनाया।

महोत्सव में हावड़ा के समाजसेवी हरीश चंद जायसवाल, राजेंद्र साव, सुरेश जायसवाल (नेताजी), रामलखन साव, सुरेश जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, राजेश जायसवाल, रमेश जायसवाल, राधेश्याम जायसवाल, मनोज जायसवाल, कृष्णा जायसवाल के साथ साथ लायंस क्लब ऑफ कोलकाता ब्रेबोर्न रोड के अध्यक्ष विवेक हकीम, भूतपूर्व अध्यक्ष गौतम कंकरिया, सुशील डुग्गर, सुशील खरकिया, विवेक कोठारी, मुकेश ख़सेरा, रमाकांत देवरा, संदीप गुप्ता, संदीप गोयल, मनोज अग्रवाल, राहुल अग्रवाल ने उपस्थित होकर स्वेच्छा रक्तदानदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

इसके साथ ही बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य सचिव अनिल जायसवाल, वकील गिरी, सजन जायसवाल, सुभाष जायसवाल, कृष्णा साव, तुषार जयसवाल, राकेश गुप्ता, सप्तऋषि जायसवाल, हेमंत विश्वकर्मा, रविशंकर जयसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, शंभु जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, उमेश जायसवाल, विजय जायसवाल, पवन जायसवाल, सतेंद्र जायसवाल, मनोज गुप्ता, अजय गुप्ता, गौतम जायसवाल, मनोज पासवान, बबलू जायसवाल, अनूप जायसवाल, केदार जायसवाल, ताड़क जायसवाल, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, सोमनाथ गुप्ता, धर्मेंद साव, कन्हैया साव, रितेश जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

रक्तदानदाताओं के सूची में मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे डॉ. महेश केडिया, डॉ. विनय असावा (चाइल्ड स्पेशलिस्ट) रहे। बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष लायन भोला जायसवाल ने आए सभी रक्तदानदाताओं का आभार व्यक्त किए, और सहयोग करने वाले संस्थाओं और सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन किए।

## आसनसोल मंडल में पुराने रेल पुल का गर्डर प्रतिस्थापन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने सिउड़ी और कुनुरी स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर स्थित पुराने ब्रिज संख्या 114ए, के गर्डरों को सफलतापूर्वक प्रतिस्थापित किया है। यह कार्य 13 अप्रैल को निर्धारित ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के दौरान सुबह 06:55 बजे से दोपहर 14:15 बजे तक संपन्न किया गया। पुल में दो 9.15 मीटर लंबे स्पैन और एक 15.85 मीटर लंबा स्पैन शामिल था। यह समस्त कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर अत्यंत सावधानीपूर्वक और सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए पूर्ण किया गया। उक्त अवधि के दौरान अंडाल- सैंथिया सेक्शन में कई अन्य महत्वपूर्ण अनुरक्षण एवं संरक्षा संबंधी कार्य भी संपन्न किए गए, जिनमें ब्रिज संख्या 05 पर ट्रैक उन्नयन, 4.6 किमी रेल डीस्ट्रेसिंग, 7.1 किमी ट्रैक टैम्पिंग, 2.4 किमी डीप स्क्रीनिंग, 260 ट्रैक मीटर रेल प्रतिस्थापन, दो ग्लूड जॉइंट प्रतिस्थापन, 27 स्थानों पर एसकेवी वेल्डिंग तथा 80 स्थानों पर फिशप्लेट ग्रीसिंग जैसे कार्य सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, उखड़ा स्टेशन पर स्थायी अतिक्रमणों को भी सफलतापूर्वक हटाया गया, जिससे रेलवे संचालन में सुगमता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। यह संपूर्ण अभियान आसनसोल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया, जो रेलवे टीम की दक्षता, नियोजन और समन्वय की उत्कृष्ट मिसाल है।

# कांग्रेस शासन में देश ने 'ब्लैकआउट' देखा, अब बिजली का निर्यात हो रहा है: प्रधानमंत्री मोदी



**यमुनानगर (हरियाणा) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि 2014 से पहले जब कांग्रेस सत्ता में थी तो ''ब्लैकआउट'' (बिजली गुल होने) की स्थिति थी लेकिन पिछले एक दशक में भारत का विद्युत उत्पादन दोगुना हो गया है और अब यह बिजली का निर्यात कर रहा है। मोदी ने यहां दीनबंधु छोटू राम ताप विद्युत संयंत्र में 800 मेगावाट की अत्याधुनिक ताप विद्युत इकाई की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य भाजपा की ''डबल इंजन सरकार'' की ''डबल स्पीड'' देख रहा है। यह ताप विद्युत इकाई 233 एकड़ में फैली है और इसके लगभग 8,470 करोड़ रुपये की लागत से मार्च 2029 तक चालू होने की उम्मीद है। इससे हरियाणा की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को काफी बढ़ावा मिलेगा और पूरे राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी। 'गोबरधन' (गैल्वेनाइजिंग आर्गेनिक बायो एग्रो रिसोर्सेज धन) के विजन को आगे बढ़ाते हुए मोदी ने यहां मुकरबपुर में एक 'संपीड़ित जैव गैस' (सीबीजी) संयंत्र की आधारशिला भी रखी। इस संबंध में जारी एक बयान के अनुसार, संयंत्र का निर्माण कार्य 2027 तक पूरा होना है और इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 2,600 मीट्रिक टन होगी। इससे स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण में योगदान करते हुए प्रभावी जैविक अपशिष्ट प्रबंधन में मदद मिलेगी। मोदी ने यहां से भारतमाला परियोजना के अंतर्गत लगभग 1,070 करोड़ रुपये की लागत वाली 14.4 किलोमीटर लंबी रेवाड़ी बाईपास परियोजना का भी डिजिटल उद्घाटन किया। बाईपास से रेवाड़ी शहर में भीड़भाड़ कम होगी, दिल्ली-नारनौल यात्रा का समय एक घंटे कम होगा और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यमुनानगर पहुंचने से पहले मोदी ने हिसार में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने हिसार के महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाई और हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन की आधारशिला भी रखी।

### कांग्रेस ने एससी, एसटी, ओबीसी को 'दूसरे दर्जे का नागरिक' बना दिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भीम राव आंबेडकर की जयंती पर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को ''दूसरे दर्जे का नागरिक'' बना दिया था। महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से अयोध्या के लिए पहली वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाने और हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को नष्ट करने वाली पार्टी बन गई है। मोदी ने आरोप लगाया कि जब भी कांग्रेस की सरकार को खतरा हुआ, उसने संविधान को ''कुचल दिया''।

# नीमच में जैन मुनि संतों पर जानलेवा हमला, बुरी तरह से किया घायल

### 5 आरोपियों को हिरासत में लिया



**नीमच :** मध्य प्रदेश के नीमच जिले में नशे में धुत लोगों ने पैसे देने से इनकार करने पर एक मंदिर में आराम कर रहे तीन जैन भिक्षुओं पर लाठियों और धारदार हथियारों से कथित तौर पर हमला कर दिया जिससे वे घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात सिंगोली शहर में हुए इस हमले के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया और एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया। गिरफ्तार सभी आरोपी राजस्थान के हैं। इस हमले की जैन समुदाय ने कड़ी निंदा की है और सिंगरोली शहर में बंद का आह्वान किया है। बंद का स्थानीय लोगों का खासा समर्थन मिला और लगभग सभी दुकानें बंद रहीं। इस बीच, राज्य सरकार ने कहा कि ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।अधिकारी ने बताया कि आरोपी गणपत नायक, गोपाल भोए, कन्हैया लाल, राजू भोए, बाबू शर्मा और एक नाबालिग राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के रहने वाले हैं। चित्तौड़गढ़, नीमच के करीब है। सिंगोली पुलिस थाने के प्रभारी भूरा लाल भाभर ने संवाददाताओं से कहा, जैन भिक्षु शैलेश मुनि जी, बलभद्र मुनि जी और मुनिंद्रा मुनि जी एक हनुमान मंदिर में आराम करने के लिए रुके थे, तभी आरोपी तीन मोटरसाइकिल पर वहां पहुंचे और शराब पीने के बाद उनसे पैसे मांगे। पुलिस के अनुसार, तीनों भिक्षुओं को सिर और पीठ पर चोटें आई है। उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्होंने धार्मिक रीति-रिवाजों का हवाला देते हुए चिकित्सकीय उपचार कराने से इनकार कर दिया। उसने बताया कि सूर्यास्त के बाद धार्मिक रीति रिवाज उन्हें चिकित्सा उपचार की इजाजत नहीं देते। पुलिस ने बताया कि उन्हें सोमवार को सूर्योदय के बाद जैन समुदाय द्वारा संचालित एक चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। नीमच के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंकित जायसवाल ने बताया कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य में ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यादव ने इंदौर में पत्रकारों से कहा, ''मुझे जानकारी मिली है कि शराब पीने के बाद कुछ लोगों ने जैन भिक्षुओं के साथ दुर्व्यवहार किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत में अवैध रूप से रह रहे 15 विदेशी नागरिक पकड़े गए, सभी को वापस भेजा जाएगा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने बिना वैध वीजा के भारत में रहने वाले दो बांग्लादेशी सहित 15 विदेशी नागरिकों को पकड़ा है, जिन्हें वापस उनके देश भेजा जाएगा। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मोहन गार्डन और उत्तम नगर इलाकों में एक अभियान के दौरान बांग्लादेशियों के अलावा 12 नाइजीरियाई और आइवरी कोस्ट के एक नागरिक को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान पाया गया कि वे लोग बिना वैध वीजा के भारत में तय अवधि से अधिक समय से रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि उन्हें निरुद्ध केंद्र भेज दिया गया और सत्यापन के बाद, विदेशी नागरिक क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने उन लोगों को उनके देश भेजने का आदेश दिया है।

### आईएनए ने 1944 में जहां फहराया था, तिरंगा वहां कार्यक्रम में शामिल हुए मणिपुर के राज्यपाल

**मोइरांग :** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने सोमवार को मोइरांग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां 1944 में आज ही के दिन आईएनए ने तिरंगा फहराया था। बिष्णुपुर जिले के मोइरांग में आईएनए शहीद स्मारक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भल्ला ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक प्रकरणों में से एक का स्मरण करना उनके लिए अत्यंत सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मोइरांग में इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) ने जो किया वह प्रतिरोध, आशा और स्वतंत्र होने के लिए दृढ़ संकल्पित राष्ट्र की अदम्य भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आजादी के लिए आईएनए का प्रयास बातचीत से नहीं, बल्कि दृढ़ कार्रवाई से प्रेरित था। उन्होंने कहा, हालांकि, मोइरांग में आईएनए की उपस्थिति संक्षिप्त थी, लेकिन इसकी विरासत साहस, बलिदान और अटूट देशभक्ति की भावना से पीढ़ियों को प्रेरित करती रही है।

### पेट में 7.85 करोड़ रुपये की कोकीन छिपाकर ले जा रहा युगांडा का नागरिक मुंबई हवाई अड्डे पर पकड़ा गया

**मुंबई :** मुंबई में सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर युगांडा के एक यात्री से लगभग 7.85 करोड़ रुपये मूल्य की 785 ग्राम कोकीन जब्त की। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यात्री ने सफर के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ को अपने पेट में छिपा लिया था। यात्री को नौ अप्रैल की रात को सीमा शुल्क विभाग की मुंबई इकाई के कर्मियों ने संदेह के आधार पर रोका। पूछताछ के दौरान, आरोपी बेचैन और चिंतित दिखा और फिर उसने स्वीकार किया कि उसने बड़ी संख्या में पीली गोलियां निगल ली थीं। अधिकारी ने कहा, मेडिकल जांच में पता चला कि पेट में गोलियों का वजन 785 ग्राम था। उन्होंने बताया कि गोलियों में सफेद पाउडर जैसा पदार्थ था, जिसके कोकीन होने का संदेह है।

## बार-बार चुनाव देश के विकास में बाधा : भाजपा नेता सुनील बंसल



**नयी दिल्ली :** देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर समाज के विभिन्न वर्गों तक भाजपा की पहुंच को ध्यान में रखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने सोमवार को 'पसमांदा मुस्लिम मंच' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। बंसल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को विकसित देश बनाने के लिए 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' महत्वपूर्ण है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बंसल ने इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव विकास परियोजनाओं में बाधा डालते हैं और देश के लिए 'गति-अवरोधक' का काम करते हैं। बंसल ने कहा कि यदि एक साथ चुनाव कराने का नियम लागू किया जाता है तो यह 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि इससे राजनीतिक स्थिरता और प्रशासनिक व्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि लगातार चुनाव होने से वित्तीय बोझ बढ़ता है और विकास कार्य बाधित होते हैं। बंसल ने दावा किया कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव पर 1.35 लाख करोड़ रुपये खर्च होते हैं और यह खर्च बढ़कर चार लाख करोड़ से पांच लाख करोड़ रुपये के बीच हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं तो खर्च में भारी कमी आ सकती है।

## आंबेडकर की प्रेरणा से देश सामाजिक न्याय के लिए समर्पित: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीम राव आंबेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए सोमवार को कहा कि आंबेडकर की प्रेरणा के कारण ही देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने के लिए समर्पित है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि आंबेडकर के सिद्धांत और विचार 'आत्मनिर्भर' एवं विकसित भारत के निर्माण को मजबूत और तेज करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, ''सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। यह उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है।

## वक्फ कानून गरीब मुसलमानों की दुर्दशा के प्रति मोदी की संवेदनशीलता: उत्तराखंड वक्फ बोर्ड प्रमुख

**देहरादून :** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने सोमवार को कहा कि संसद का संशोधित वक्फ कानून बनाना गरीब मुसलमानों की दुर्दशा के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनशीलता को दर्शाता है। शम्स ने विधेयक पारित होने और कानून का रूप लेने का स्वागत करते हुए कहा, ''इससे वक्फ संपत्तियों को अमीर और प्रभावशाली मुसलमानों द्वारा दशकों से किए जा रहे अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी। ये संपत्तियां अब गरीब मुसलमानों की मदद के लिए होंगी।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कानून में संशोधन इसलिए किया, क्योंकि वे गरीब मुसलमानों का दर्द समझ सकते हैं।'' दिल्ली से 10-दिवसीय यात्रा के बाद उत्तराखंड लौटे शम्स ने कहा कि मंगलौर और नारसन में मुसलमानों ने उनका बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया। इसी अवधि में संशोधित वक्फ विधेयक को संसद से पारित किया गया था। उन्होंने कहा, ''पसमांदा मुसलमानों ने मुझे माला पहनाई और विधेयक के पारित होने पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्हें लगता है कि यह कांग्रेस के दशकों के शासन के दौरान उनके साथ हुए अन्याय को खत्म कर देगा।''

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को जयंती पर दी श्रद्धांजलि



### रेल भवन में याद किए गए बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर

**नई दिल्ली :** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री वैष्णव ने बौद्ध धर्म गुरुओं से सशक्त भारत के निर्माण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। बौद्ध धर्म गुरुओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बाबा साहेब अम्बेडकर की तस्वीर देकर उनका सम्मान किया।इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीईओ श्री सतीश कुमार तथा रेलवे बोर्ड के दूसरे सदस्यों ने भी संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।

### दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर हथियारों की आपूर्ति करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली** : दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर हथियारों की आपूर्ति करने वाले दो लोगों को राष्ट्रीय राजधानी के रोहिणी सेक्टर-36 इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किये जाने के समय वे एक नयी बीएमडब्ल्यू मोटरसाइकिल पर घूम रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उत्तर भारत में हथियारों की कथित रूप से आपूर्ति करने वाले सुनील तंवर और उसके सहयोगी राहुल को दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों अवैध हथियारों से संबंधित कई मामलों में वांछित थे। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों को रोहिणी सेक्टर-36 से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे अस्थायी नंबर प्लेट वाली एक नयी बीएमडब्ल्यू मोटरसाइकिल पर घूम रहे थे। वह दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में अवैध हथियारों की कथित तौर पर आपूर्ति किया करता है। गाजियाबाद निवासी उसके साथी राहुल (32) का भी आपराधिक इतिहास हैं।

## तहव्वुर राणा से रोजाना 8-10 घंटे पूछताछ कर रही है एनआईए



**नयी दिल्ली :** मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारी प्रतिदिन आठ से दस घंटे पूछताछ कर रहे हैं ताकि भयानक हमलों की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनआईए के अधिकारी राणा की चिकित्सा जांच सुनिश्चित कर रहे हैं और उसे उसके वकील से मिलने की इजाजत दी जा रही है। यह आदेश दिल्ली की एक अदालत ने दिया था जिसने अमेरिका से उसके प्रत्यर्पण के बाद शुक्रवार की सुबह जांच एजेंसी को उसकी 18 दिन की हिरासत प्रदान की थी। सूत्रों ने बताया कि एनआईए के जांचकर्ता राणा से प्रतिदिन आठ से दस घंटे तक पूछताछ कर रहे हैं, ताकि 2008 में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए कायराना हमलों की बड़ी साजिश की जांच की जा सके। इन हमलों में 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक घायल हुए थे। एक सूत्र ने बताया, पूछताछ के दौरान राणा सहयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआईए अधिकारियों की एक टीम उससे पूछताछ कर रही है।

# भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार



**नयी दिल्ली :** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में 13,000 करोड़ रुपये के ऋण ''धोखाधड़ी'' मामले में संलिप्तता के आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस 13,000 करोड़ रुपये के ऋण ''धोखाधड़ी'' मामले में चोकसी के भांजे एवं हीरा कारोबारी नीरव मोदी के बाद दूसरे ''प्रमुख संदिग्ध'' के खिलाफ कार्रवाई 12 अप्रैल को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर की गई। बेल्जियम की संघीय लोक न्याय सेवा ने 'पीटीआई' को भेजे ईमेल में पुष्टि की है कि चोकसी को 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। इसमें कहा गया है, ''उसे आगे की न्यायिक कार्यवाही के लिए हिरासत में रखा गया है। उसको कानूनी सहायता के लिए वकील की पहुंच सुनिश्चित की गई है।'' यह भी कहा गया कि भारतीय अधिकारियों ने चोकसी के लिए प्रत्यर्पण अनुरोध किया है। चोकसी (65) नवंबर 2023 में चिकित्सा उपचार के लिए बेल्जियम गया था, जिसके बाद से वह वहीं था। उसे पिछले साल वहां देखा गया था। चोकसी 2018 में भारत छोड़ने के बाद एंटीगुआ में रह रहा था और बताया जाता है कि भारतीय नागरिकता रखते हुए उसने कैरेबियाई देश की नागरिकता ले ली थी। सूत्रों ने बताया कि कुछ समय पहले ही उसके खिलाफ इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस को ''हटा दिया गया'' था और तभी से भारतीय एजेंसियां उसे प्रत्यर्पण के माध्यम से भारत लाने के प्रयास में लगी हैं।

### चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने संबंधी ईडी की याचिका सात साल से मुंबई की अदालत में अटकी

**मुंबई :** पंजाब नेशनल बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी, फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका मुंबई की एक अदालत में लगभग सात वर्षों से लंबित है। चोकसी (65) और उसका भांजा हीरा व्यापारी नीरव मोदी 13,000 करोड़ रुपये के पीएनबी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया। प्रवर्तन निदेशालय ने जुलाई 2018 में आवेदन दायर कर चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने और भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम के प्रावधानों के तहत उसकी संपत्ति जब्त करने का अनुरोध किया था।

### अनुसूचित जाति वर्गीकरण लागू करने वाला पहला राज्य बना तेलंगाना, आदेश जारी

**हैदराबाद :** तेलंगाना सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण के क्रियान्वयन पर सोमवार को एक सरकारी आदेश जारी किया, जिससे वह ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। यह जानकारी राज्य के सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने दी। तेलंगाना सरकार ने इससे पहले उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति शमीम अख्तर की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति वर्गीकरण पर एक आयोग का गठन किया था, जिसने सिफारिशें की थीं कि 59 अनुसूचित जाति (एससी) समुदायों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में कुल 15 प्रतिशत आरक्षण के लिए तीन समूहों अर्थात 1, 2 और 3 में विभाजित किया जाना चाहिए। सरकारी आदेश में कहा गया है, ''तेलंगाना विधानमंडल के निम्नलिखित अधिनियम को 8 अप्रैल 2025 को तेलंगाना के राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई और उक्त स्वीकृति को सर्वमान्य जानकारी के लिए 14 अप्रैल 2025 को तेलंगाना राजपत्र में पहली बार प्रकाशित किया गया है।'' सरकारी आदेश ऐसे दिन जारी किया गया है, जिस दिन भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी. आर. आंबेडकर की जयंती है।

## अपराध के सीमा रहित होने से फॉरेंसिक विज्ञान का महत्व बहुत बढ़ गया है : अमित शाह




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अब अपराध सीमा रहित हो गया है और यह राज्य एवं देश की सीमाओं को भी लांघने का प्रयास कर रहा है, ऐसे में फॉरेंसिक विज्ञान का महत्व बहुत बढ़ गया है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि कैसे (नरेन्द्र) मोदी सरकार ने फॉरेंसिक विज्ञान को आपराधिक न्याय प्रणाली का हिस्सा बना दिया। गृह मंत्री ने यहां राष्ट्रीय न्यायालयिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फॉरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम कर रही है कि लोगों को समय पर और उनकी संतुष्टि के अनुसार न्याय मिले। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली को जन-केंद्रित और वैज्ञानिक बनाने का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि न्याय मांगने वाले व्यक्ति को समय पर न्याय मिले और उसे न्याय मिलने की संतुष्टि भी मिले।'' गृहमंत्री ने कहा कि देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने के लिए फॉरेंसिक विज्ञान बहुत उपयोगी है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि ने इस देश की आपराधिक न्याय प्रणाली के परिदृश्य को बदलने का काम किया है। ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि जिस पर आरोप है, उसके साथ अन्याय न हो और जो फरियादी है, उसके साथ बिल्कुल भी अन्याय नहीं हो।''

# डॉ. आंबेडकर की जन्मस्थली से राष्ट्रीय राजधानी को जोड़ने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई



**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली डॉ. आंबेडकर नगर (म.प्र.) से नयी दिल्ली के लिए एक नयी ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन राजस्थान के कोटा होते हुए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री यादव रविवार को आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान बिरला और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ क्रमशः मध्य प्रदेश के कोटा और अंबेडकर नगर स्टेशन पर मौजूद थे। वैष्णव ने बताया कि यह नयी ट्रेन 'डॉ. आंबेडकर नगर-कोटा-नयी दिल्ली 20155/56 एक्सप्रेस' आंबेडकर की जन्मस्थली को राजधानी दिल्ली से जोड़ती है और यह भारतीय संविधान के निर्माता के रूप में उनके योगदान को श्रद्धांजलि है। नयी ट्रेन को आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर राज्य के लिए एक उपहार बताते हुए मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि इससे दिल्ली से संपर्क बेहतर होगा। यादव ने कहा, ''इससे राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलेगा तथा यात्रियों को आसान, सुविधाजनक और किफायती यात्रा का लाभ मिल सकेगा।'' रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा, ''अपने दैनिक सामान्य परिचालन के दौरान यह ट्रेन प्रतिदिन अपराह्न साढ़े तीन बजे डॉ. आंबेडकर नगर से चलेगी और इंदौर, उज्जैन तथा कोटा होते हुए अगले दिन तड़के चार बजकर 25 मिनट पर नयी दिल्ली पहुंचेगी।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### चोटिल फर्ग्युसन आईपीएल से बाहर

**मुल्लांपुर :** लॉकी फर्ग्युसन चोट के कारण आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि टूर्नामेंट के आखिरी चरण में भी उनकी वापसी की संभावना कम ही है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी पिछले सप्ताह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो गेंद फेंकने के बाद ही बाहर हो गए थे। उनके बायें पैर में चोट लगी है। होप्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पूर्व कहा , 'फर्ग्युसन अनिश्चितकाल के लिये बाहर हैं। टूर्नामेंट के आखिरी चरण में भी उनकी वापसी की उम्मीद कम ही है। उसे काफी चोट लगी है।'

### भारतीय मूल के गोल्फर राय, थीगाला शीर्ष 30 में रहे, मैक्लेरॉय बने चैंपियन

**ऑगस्टा :** भारतीय मूल के गोल्फर आरोन राय, साहित थीगाला और अक्षय भाटिया का यहां ऑगस्टा मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में प्रदर्शन साधारण रहा तथा इन तीन में से दो खिलाड़ियों ने शीर्ष 30 में जगह बनाई। किसी मास्टर्स टूर्नामेंट में पहली बार भाग ले रहे राय (70) चार दिनों में एक अंडर का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 27वें स्थान पर रहे जबकि थीगाला (71) चार दिनों में इवन पार पर रहे और संयुक्त 29वें पर रहे। भाटिया ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर किया और पूरे सप्ताह चार ओवर 292 का स्कोर बनाकर संयुक्त 42वें स्थान रहे। रोरी मैक्लेरॉय ने प्लेऑफ में जस्टिन रोज पर नाटकीय जीत के साथ अपने पांचवें मेजर खिताब के लिए 11 साल के इंतजार को समाप्त किया।

### पाकिस्तानी गेंदबाज उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन की शिकायत

**इस्लामाबाद :** क्वेटा ग्लेडिएटर्स के आफ स्पिनर पाकिस्तान के उस्मान तारिक के गेंदबाजी एक्शन की पाकिस्तान सुपर लीग टी20 टूर्नामेंट के दौरान शिकायत की गई है। क्वेटा की लाहौर कलंदर्स के खिलाफ 79 रन से हार के बाद तारिक की शिकायत मैदानी अंपायरों अहसान रजा और क्रिस ब्राउन ने की। तारिक ने 31 रन देकर एक विकेट लिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा , ''नियमों के अनुसार उस्मान पीएसएल के बाकी मैचों में गेंदबाजी कर सकता है लेकिन दोबारा शिकायत होने पर उसे गेंदबाजी से निलंबित किया जा सकता है।''

# धोनी के बल्ले ने तोड़ा चेन्नई सुपर किंग्स की हार का सिलसिला

## लखनऊ को पांच विकेट से हराया



**लखनऊ :** अपने पुराने 'फिनिशर' वाले रूप की झलक दिखाने वाले महेंद्र सिंह धोनी और शिवम दुबे ने लगातार पांच मैचों की हार का सिलसिला तोड़कर चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के मैच में सोमवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर पांच विकेट से जीत दिलाई। जीत के लिये 167 रन के लक्ष्य के जवाब में धोनी ने 11 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 26 और दुबे ने 37 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ नाबाद 43 रन बनाये। चेन्नई ने तीन गेंद और पांच विकेट बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले फॉर्म में लौटे कप्तान ऋषभ पंत के इस सत्र के पहले अर्धशतक के दम पर लखनऊ ने सात विकेट पर 166 रन बनाये। चेन्नई को शेख रशीद (19 गेंद में 27) और रचिन रविंद्र (22 गेंद में 37) ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिये 29 गेंद में 52 रन जोड़े। दोनों ने शार्दुल ठाकुर और आकाश दीप को खासी नसीहत दी जिससे पंत को चौथे ओवर में दिग्वेश राठी को गेंद सौंपनी पड़ी।रशीद की पहली आईपीएल पारी का अंत आवेश खान ने किया। लगातार दो विकेट गंवाने से चेन्नई की लय टूट गई।एडेन मार्क्रम ने रविंद्र को पगबाधा आउट किया जबकि अगले ओवर में रवि बिश्नोई ने राहुल त्रिपाठी का रिटर्न कैच लपका। बिश्नोई ने शानदार गेंदबाजी करते हुए रविंद्र जडेजा को भी लांग आन में मार्क्रम के हाथों लपकवाया।चेन्नई को आखिरी पांच ओवर में 56 रन की जरूरत थी। धोनी ने आते ही आवेश खान को दो चौके लगाये और चार ओवर में अब चेन्नई को 44 रन चाहिये थे। उन्होंने शार्दुल को एक हाथ से छक्का लगाकर पुराने दिन याद दिला दिये। उन्होंने और दुबे ने कोई जोखिम लिये बिना टीम को जीत तक पहुंचाया।

इससे पहले लखनऊ के लिये पंत ने 49 गेंद में 63 रन बनाये। उन्हें शुरूआत में दिक्कत हुई लेकिन धीरे धीरे लय हासिल कर ली और अब्दुल समद (20) के साथ पांचवें विकेट के लिये 33 गेंद में 53 रन बनाये। लगातार पांच पराजय का सामना करके आई चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बायें हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद ने पहले ही ओवर में माक्ररम को आउट किया जिनका बेहतरीन कैच पीछे की ओर दौड़ते हुए त्रिपाठी ने लपका। दो ओवर बाद अंशुल कम्बोज ने शानदार फॉर्म में चल रहे निकोलस पूरन को पगबाधा आउट किया। निजी कारणों से पिछले मैच से बाहर रहने के बाद मिचेल मार्श ने खलील को लगातार दो गेंदों पर चौका और छक्का लगाया। वहीं अब तक टूर्नामेंट में जूझते नजर आये पंत ने कुछ अपारंपरिक लेकिन आत्मविश्वास से भरे शॉट्स खेले। इनमें जैमी ओवरटन की गेंद पर रिवर्स स्कूप पर जड़ा छक्का शामिल है।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में पांच नए चेहरे

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए सोमवार को 26 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जिसमें पांच नए खिलाड़ियों को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। भारत इस दौरे में कुल पांच मैच खेलेगा। वह पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगा। सभी पांच मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है। पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। टीम अनुभवी और नए खिलाड़ियों का मिश्रण है। टीम का नेतृत्व मिडफील्डर सलीमा टेटे करेंगी, जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर को उप कप्तान नियुक्त किया गया है।

# पंजाब किंग्स के सामने अब कोलकाता नाइट राइडर्स की कड़ी चुनौती




**मुल्लांपुर :** पिछले मैच में अभिषेक शर्मा की विस्फोटक पारी के कारण अपने बड़े स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के रूप में एक और चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है कि 245 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में अभिषेक के 55 गेंद पर खेली गई 141 रन की विस्फोटक पारी के कारण पंजाब किंग्स अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था। पंजाब किंग्स की पारी में 36 गेंद पर 82 रन बनाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर के पास अभिषेक के सामने अपने गेंदबाजों की दुर्दशा को देखकर मुस्कुराने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। यह मैच हैदराबाद में खेला गया था जहां कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं माना जाता है। पंजाब अब अपना अगला मैच मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर खेलेगा जहां के विकेट को बल्लेबाजी के लिए अनुकूल माना जाता है। यहां अभी तक दो मैच खेले गए हैं जिनमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 200 से अधिक रन का स्कोर बनाया था। ऐसे में पंजाब के टीम प्रबंधन को अब फैसला करना होगा कि वह किस तरह की परिस्थितियों में खेलना चाहते हैं। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का आत्मविश्वास निश्चित तौर पर डिग गया होगा। विशेष कर उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल का मनोबल जरूर प्रभावित हुआ होगा क्योंकि इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में 96 रन लुटा दिए थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर निश्चित तौर पर असमंजस की स्थिति में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार करवाता है तो फिर इसकी कोई गारंटी नहीं कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नारायण, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। एक ऐसा आंकड़ा जिस पर पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग गौर नहीं करना चाहेंगे, वह है उनकी गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट। उसका कोई भी गेंदबाज नौ रन प्रति ओवर से नीचे नहीं गया।

# मानसिक रूप से मैं तैयार था, बस मौके का इंतजार था : करूण नायर

**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स के लिये आक्रामक अर्धशतक लगाकर दो सत्र बाद आईपीएल में वापसी करने वाले करूण नायर मानसिक रूप से अपना पहला मैच खेलने के लिये पूरी तरह से तैयार थे और उन्हें पता था कि कैसे खेलना है। जीत के लिये 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करूण के 40 गेंद में 89 रन की मदद से दिल्ली ने शानदार शुरूआत की लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गंवाकर 12 रन से मैच गंवा दिया। एक ओवर में जसप्रीत बुमराह को दो छक्के लगाने का माद्दा बहुत बल्लेबाजों ने नहीं होता लेकिन करूण ने यह कर दिखाया। उनके इस प्रदर्शन का कारण घरेलू क्रिकेट का शानदार प्रदर्शन भी है जिसमें उन्होंने विदर्भ के लिये विभिन्न प्रारूपों में पिछले सत्र में 1870 रन बनाये। टेस्ट मैच में तिहरा शतक जड़ चुके करूण ने मैच के बाद मीडिया से कहा ,'ईमानदारी से कहूं तो मुझे आईपीएल पहले खेल चुका होने के कारण आत्मविश्वास था। मुझे पता था कि कैसे खेलना है। मेरे लिये कुछ नया नहीं था।' उन्होंने कहा



,'मेरे दिमाग में तैयारी पूरी थी। बस मौके का इंतजार था। कुछ गेंद खेलकर फिर लय में आने की बात थी।'वर्ष 2022 में राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे करूण ने पावरप्ले के दौरान पारंपरिक शॉट्स खेलने के बारे में कहा ,'मैं खुद से यही कह रहा था कि खुद को समय दो, आम शॉट खेलो और उसके बाद तेजी से खेल सकते हो। सब कुछ वैसे ही हुआ लेकिन अगर टीम जीत जाती तो अधिक खुशी होती।' पिछले चार मैचों में मौका नहीं मिलने के बावजूद उन्हें यकीन था कि उन्हें मौका मिलेगा और इसके लिये वह मानसिक रूप से तैयार थे।

## न्यूज अपडेट

### एमबाप्पे को 2019 के बाद मिला पहला रेड कार्ड, पर रियाल मैड्रिड जीता



**मैड्रिड :** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे को 2019 के बाद पहली बार रेड कार्ड का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम रियाल मैड्रिड स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस पर 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रही। एमबाप्पे को अलावेस के मिडफील्डर एंटोनियो ब्लैंको को गलत ढंग से टैकल करने के कारण मध्यांतर से ठीक पहले बाहर भेज दिया गया। फ्रांस के स्टार को शुरुआत में पीला कार्ड दिखाया गया था लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने इसे रेड कार्ड में बदल दिया। यह 2019 के बाद पहला अवसर है जबकि एमबाप्पे को किसी भी प्रतियोगिता में रेड कार्ड मिला। इस कारण वह कम से कम अगले रविवार को एथलेटिक बिलबाओ में होने वाले स्पेनिश लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। एडुआर्डो कैमाविंगा ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड की तरफ से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे रियाल मैड्रिड और शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना के बीच केवल चार अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 और रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 66 अंक हैं।

### प्रधानमंत्री पटना में खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करेंगे: नीतीश

**पटना :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करने के लिए अगले महीने बिहार का दौरा करेंगे। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। नीतीश कुमार एक समारोह को संबोधित कर रहे थे, जिसमें केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया भी उपस्थित थे। नीतीश कुमार ने कहा, ''यह हमारे लिए खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पटना में खेलो इंडिया युवा खेल 2025 का उद्घाटन करेंगे। इन खेलों के आयोजन ने हमें राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया है।'' मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित समारोह में रिमोट कंट्रोल के माध्यम से खेलों के लोगो और शुभंकर का अनावरण किया गया। इन खेलों का आयोजन चार से 15 मई तक बिहार के पांच जिलों पटना, गया, नालंदा, भागलपुर और बेगुसराय में किया जाएगा। इन खेलों में देश भर के 8500 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 1500 सदस्य हिस्सा लेंगे।

### लीमा में आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय निशानेबाजों की नजरें अच्छे प्रदर्शन पर

**लीमा :** भारतीय निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप में अपने प्रभावी प्रदर्शन को बरकरार रखने के इरादे से उतरेंगे। भारतीय टीम पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में इस साल के पहले विश्व कप (राइफल, पिस्टल और शॉटगन) में दूसरे स्थान पर रही। पेरू की राजधानी में प्रतिस्पर्धा के पहले दिन मनु भाकर, सुरूची और संयम महिला एयर पिस्टल वर्ग में उतरेंगी जबकि सौरभ चौधरी, वरूण तोमर और रविंदर पुरूषों के एयर पिस्टल वर्ग में चुनौती रखेंगे। महिला और पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल मंगलवार से होंगे। इसमें 43 देशों के 400 के करीब निशानेबाज भाग ले रहे हैं। भारत का 35 सदस्यीय दल 15 स्पर्धाओं में उतरेगा। अर्जेंटीना में पहले चरण में भारतीय टीम चीन के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। भारत ने चार स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे। सभी पदक विजेता लीमा में भी खेल रहे हैं।



## न्यूज इन ब्रीफ

### काठमांडू में ड्रोन के जरिये भोजन, दवा की आपूर्ति का सफल प्रदर्शन

**काठमांडू :** देश की सबसे बड़ी हाइपर-लोकल ड्रोन आपूर्ति कंपनी स्काई एयर ने नेपाल की राजधानी काठमांडू में एक किलोग्राम तक भोजन और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति का प्रदर्शन किया है। सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई है। विश्व बैंक के सहयोग से नेपाली सरकार द्वार आयोजित दक्षिण एशिया ड्रोन फोरम 2025 में, स्काई एयर ने यहां नामित ड्रोन कॉरिडोर पर अपने प्रमुख 'स्काई शिप वन' ड्रोन का उपयोग करके सामान पहुंचाने का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। बयान के मुताबिक, ''यह प्रदर्शन एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है - नेपाल का पहला ड्रोन-डिलीवरी वाला खाद्य पैकेज, जो सीमाओं के पार ड्रोन तकनीक के मापनयोग्य, वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों की क्षमता को रेखांकित करता है।''

### गोयल के इस महीने यूरोप की यात्रा पर जाने की संभावना

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस महीने के अंत में व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो यूरोपीय देशों की यात्रा पर जा सकते हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि गोयल इन देशों की यात्रा के दौरान एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। यह यात्रा इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि भारत ने पिछले साल मार्च में चार यूरोपीय राष्ट्रों के समूह ईएफटीए के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस साल इसके लागू होने की उम्मीद है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्यों में आइसलैंड, लिकटेंस्टाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे।

# सरकार 10,000 करोड़ रु के स्टार्टअप कोष का बड़ा हिस्सा नए युग की प्रौद्योगिकी को देगी

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय स्टार्टअप के लिए 10,000 करोड़ रुपये की दूसरी 'फंड ऑफ फंड्स स्कीम' (एफएफएस) का बड़ा हिस्सा नए युग की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा और 'मशीन बिल्डिंग' जैसे क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों को आवंटित करेगा। सरकार ने बजट में 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एक नई एफएफएस की घोषणा की है। 2016 में भी सरकार ने इसी तरह की योजना शुरू की थी। अधिकारी ने कहा, ''हम 10,000 करोड़ रुपये के इस कोष का बड़ा हिस्सा नए युग की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई और) 'मशीन बिल्डिंग' के लिए समर्पित करने जा रहे हैं।'' इससे पहले 2016 योजना उद्यम पूंजी निवेश को बढ़ावा




देने के लिए शुरू की गई थी। इसका संचालन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा किया जाता है, जो भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में पंजीकृत एआईएफ को पूंजी प्रदान करता है, जो बदले में स्टार्टअप में निवेश करते हैं। सिडबी के ही दूसरी योजना का प्रबंधन करने की उम्मीद है। नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए देश में एक मजबूत परिवेश बनाने के इरादे से सरकार ने 16 जनवरी 2016 को 'स्टार्टअप इंडिया' पहल शुरू की थी। सरकार की पात्रता शर्तों के अनुसार, विभाग द्वारा स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत संस्थाओं को 'स्टार्टअप' के रूप में मान्यता दी जाती है। अब तक 55 से अधिक उद्योगों में 1,50,000 से अधिक संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई है।

### सेबी ने मार्च में 'स्कोर्स' के जरिये 4,000 से ज्यादा शिकायतें निपटाईं

**नयी दिल्ली :** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने शिकायत निवारण मंच 'स्कोर्स' के जरिये मार्च में 4,371 शिकायतों का निपटारा किया है। नियामक ने कहा कि मार्च के अंत तक स्कोर्स मंच पर तीन महीने से ज्यादा समय से लंबित शिकायतों की संख्या तीन थीं। इसमें मधुवीर कॉम18 नेटवर्क लिमिटेड और निखिल दयानंद बलजेकर से जुड़ी शिकायतें भी शामिल हैं। सेबी के आंकड़ों के मुताबिक, 28 फरवरी तक लंबित शिकायतों की संख्या 4,376 थी। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 11 अप्रैल को एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि मार्च में बाजार नियामक को 4,156 नई शिकायतें मिलीं और 31 मार्च तक कुल 4,161 शिकायतें अनसुलझी रहीं। नियामक ने यह भी बताया कि मार्च में पक्षों द्वारा कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) जमा करने में लिया गया औसत समाधान समय नौ दिनों का था।


## अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद से निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपये घटी

**नयी दिल्ली :** बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट से महीने की शुरुआत से अभी तक निवेशकों की संपत्ति 11.30 लाख करोड़ रुपये घट गई है। अमेरिकी प्रशासन की शुल्क योजना की घोषणा और चीन तथा अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध की बढ़ती चिंताओं के कारण हाल के दिनों में शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। बीएसई सेंसेक्स में दो अप्रैल से अभी तक 1,460.18 अंक या 1.90 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। अनिश्चितता के चलते इस अवधि में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार



पूंजीकरण (मार्केट कैप) 11,30,627.09 करोड़ रुपये घटकर 4,01,67,468.51 करोड़ रुपये रह गया है। हालांकि, अमेरिका के अतिरिक्त आयात शुल्क के अपने फैसले को 90 दिन के लिए टालने के बाद बाजार में शुक्रवार को करीब दो प्रतिशत का उछाल आया था। इस दौरान बाजार 10 अप्रैल को महावीर जयंती और 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर बंद भी रहे। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, 'अमेरिका के दुनिया पर व्यापक स्तर पर जवाबी शुल्क की घोषणा के बाद नए वित्त वर्ष की शुरुआत में बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा। वैश्विक बाजारों में भारी गिरावट देखी गई और भारत भी बिकवाली से अछूता नहीं रहा, लेकिन यह अबतक अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।'

## मुद्रा योजना के तहत 33 लाख करोड़ रुपये के गारंटी-मुक्त ऋण स्वीकृत,68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं:मंत्री



**नागपुर (महाराष्ट्र) :** केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ लोगों को कारोबार शुरू करने के लिए 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले ऋण दिए गए हैं। इन लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं। वित्त राज्य मंत्री नागपुर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारियों के 77वें बैच को संबोधित करते हुए यह बात कही। आर्थिक वृद्धि को लेकर देश के दृष्टिकोण पर उन्होंने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने 52 करोड़ लोगों को 33 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिना गारंटी वाले ऋण दिए हैं। ये ऋण 50,000 रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक के हैं।' मंत्री ने कहा, 'आज लोग इन ऋण की मदद से नए-नए कारोबार शुरू कर रहे हैं और देश की आर्थिक वृद्धि में अपना योगदान दे रहे हैं।' उन्होंने कहा कि इन लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं और उन्होंने नए व्यवसाय शुरू किए हैं। चौधरी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में सरकार लगातार बुनियादी ढांचे के बजट में वृद्धि कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में काफी विकास हुआ है। आईआरएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में उनकी बेहद अहम भूमिका होगी।

## उप्र सरकार, फॉक्सकॉन के बीच विनिर्माण इकाई स्थापित करने पर चर्चा जारी

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश सरकार और आईफोन विनिर्माता फॉक्सकॉन के बीच राज्य में एक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए चर्चा चल रही है। इस घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी। चिप बनाने के लिए एचसीएल-फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम 'वामा सुंदरी' के लिए जमीन आवंटन को अंतिम रूप देते समय 'इन्वेस्ट यूपी' ने फॉक्सकॉन को उक्त निवेश का प्रस्ताव दिया था। एक सूत्र ने बताया, ''उत्तर प्रदेश सरकार इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए फॉक्सकॉन के साथ चर्चा कर रही है। चर्चा के दौरान, राज्य सरकार ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के तहत 300 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की बात कही।'' केंद्र के एक आधिकारिक सूत्र ने भी पुष्टि की कि उत्तर प्रदेश में फॉक्सकॉन की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए चर्चा शुरू हो गई है।

## न्यूज अपडेट

### बीते वित्त वर्ष में डीजल की मांग में महामारी के बाद सबसे कम वृद्धि हुई

**नयी दिल्ली :** भारत में सबसे अधिक खपत वाले पेट्रोलियम उत्पाद डीजल की मांग में वृद्धि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में महामारी के बाद सबसे कम रही। अर्थव्यवस्था के धीमी गति से बढ़ने और स्वच्छ ईंधन की ओर रुझान तेज होने के चलते ऐसा हुआ। पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में डीजल की खपत दो प्रतिशत बढ़कर 9.14 करोड़ टन रही। ट्रकों और कृषि मशीनरी में इस्तेमाल होने वाले डीजल की मांग वित्त वर्ष 2023-24 में 4.3 प्रतिशत और 2022-23 में 12.1 प्रतिशत बढ़ी थी। भारत में इस्तेमाल होने वाले ईंधन में डीजल का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है। मांग वृद्धि में नरमी देश में आर्थिक गतिविधियों की सुस्ती को दर्शाती है। इसके अलावा बड़ी वजह इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) हैं, जो भारत में डीज़ल की मांग को प्रभावित कर रहे हैं। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि डीजल अब भी भारतीय परिवहन क्षेत्र के तीन-चौथाई हिस्से को संचालित करता है, लेकिन ईवी बदलाव के कारण वृद्धि धीमी हो रही है। पेट्रोल की तुलना में डीजल की खपत में धीमी वृद्धि मुख्य रूप से वाणिज्यिक ईवी बदलाव के कारण थी। दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में इलेक्ट्रिक बस को तेजी से अपनाया जा रहा है, और कई दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में इलेक्ट्रिक ऑटोरिक्शा (ई-रिक्शा) का बोलबाला हो गया है। इस वजह से शहरी सार्वजनिक परिवहन में डीज़ल का उपयोग सीधे तौर पर कम हो रहा है। साथ ही, अमेजन, फ्लिपकार्ट और बिगबास्केट जैसी कंपनियां अपने आपूर्ति बेड़े को ईवी में बदल रही हैं।



### अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी के बाद चीन का निर्यात बढ़ा, आयात में गिरावट

**बैंकॉक:** चीन के निर्यात में मार्च में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं इसी अवधि में आयात में 4.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। अमेरिका के चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क में बढ़ोतरी के बीच सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से निर्यात 2025 के पहले तीन (जनवरी-मार्च) महीनों में सालाना आधार पर में 5.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि आयात में सात प्रतिशत की गिरावट आई। चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष मार्च में 27.6 अरब डॉलर रहा, जबकि इसके निर्यात में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 76.6 अरब डॉलर रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों में हाल ही में किए गए संशोधनों के अनुसार चीन को अमेरिका को किए जाने वाले अधिकतर निर्यातों पर 145 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ रहा है। सीमा शुल्क प्रशासन के प्रवक्ता ने कहा कि चीन 'जटिल व गंभीर स्थिति' का सामना कर रहा है, लेकिन वह घुटने नहीं टेकेगा। उन्होंने चीन के विविध निर्यात विकल्पों और विशाल घरेलू बाजार की ओर इशारा करते हुए यह बात कही।

वर्ष 10, पूर्णांक 4207 अंक 017, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in